दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 179
कोटद्वार गुरूवार
26 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख पर मुहर

# 22 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह में विराजेंगे: मोदी

**लखनऊ, एजेंसी।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तारीख तय हो गई है। 22 जनवरी को रामलला नये बने राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। इसकी जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी।



महासचिव चंपत राय ने बुधवार को राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा, ट्रस्ट के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया। जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सहमति दे दी है। इसके साथ ही प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय हो गई है।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अयोध्या में लगातार तैयारियां की जा रही हैं।

बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में देश–विदेश से करीब पांच लाख लोग शामिल हो सकते हैं।

आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है। अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मेरे निवास स्थान पर मिलने आए थे। उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है।

मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में, मैं इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा।

## मोदी सरकार के मंत्री के बेटे ने राजनीति छोड़ने का किया ऐलान, लिखी भावुक पोस्ट

**मुंबई ,एजेंसी** । मोदी सरकार में मंत्री नारायण राणे के परिवार से बड़ी खबर सामने आई है। खबर उनके बेटे नीलेश राणे को लेकर है। नीलेश ने सोशल मीडिया प्लेट-फार्म पर पोस्ट डालकर कहा कि उनका सक्रिय राजनीति में मन नहीं लग रहा है, इसलिए अब वो इससे संन्यास ले लेंगे। निलेश राणे ने एक्स पर लिखा कि , नमस्ते, मैं सक्रिय राजनीति से स्थायी रूप से अलग हो रहा हूं, अब बिना किसी अन्य कारण के राजनीति में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने लिखा– मैं आप सभी का बहुत आभारी हूं जिन्होंने पिछले 19/20 वर्षों में मुझे इतना प्यार दिया, जब कोई कारण नहीं था तब मेरे साथ बने रहे, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे भाजपा में इतना प्यार मिला और मुझे भाजपा जैसे महान संगठन में काम करने का अवसर मिला। बता दें कि नीलेश राणे जब कांग्रेस पार्टी में थे, तब वो साल 2009 में 15वीं लोकसभा चुनाव में रत्नागिरी सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े और जीते। नीलेश राणे 2014 में भी उसी लोकसभा सीट से चुनाव में खड़े हुए, लेकिन उस समय वो शिवसेना नेता विनायक राउत से हार गए थे। राणे साल 2009 से 2017 तक कांग्रेस पार्टी में थे। इसके बाद साल 2019 में बीजेपी में शामिल हुए थे।

## न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी 27 अक्तूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके सेवानिवृत्ति के बाद न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति तिवारी मूल रूप से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के रहने वाले हैं। उनके पिता और दादा भी वकील रहे हैं। उन्होंने ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथौरागढ़ से करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री हासिल की। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस की। राज्य गठन के बाद उत्तराखंड हाईकोर्ट में वकालत करने लगे। वर्ष 2017 को उत्तराखंड उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में उन्हें पदोन्नत किया गया था।

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बड़ा हादसा

# गहरी खाई में गिरा पर्यटकों का वाहन, 6 लोगों की मौत

**पिथौरागढ़/नैनीताल।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बुधवार को एक पर्यटक वाहन के खाई में गिर जाने से चार पर्यटकों समेत कुल छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। शवों को बाहर निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं।

पिथौरागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह एक वाहन कुछ पर्यटकों को लेकर के उच्च हिमालयी क्षेत्र गुंजी से धारचूला आ रहा था। इसी दौरान चंपा मंदिर के पास खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में चार पर्यटकों समेत कुल 06 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।

सूचना मिलते ही धारचूला, पांगला थाना पुलिस के साथ ही हाईवे पेट्रोल यूनिट, राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) एवं भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीम को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है। राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। मृतकों में चार पर्यटक बेंगलुरु के रहने वाले हैं जबकि दो स्थानीय व्यक्ति बताये जा रहे हैं। मृतकों में सत्यब्रदा पारेदा (59), नीलाला पन्नोल (58), मनीष मिश्रा (48), प्रज्ञा (52), हिमांशु कुमार (24) और विरेन्द्र कुमार (39) शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान ने फिर कश्मीर का राग अलापा है। पाकिस्तान ने कश्मीर और फलस्तीन को एक जैसा विवाद करार दिया है। इसको लेकर भारत ने पाकिस्तान को जमकर सुनाया। भारतीय प्रतिनिधि राजदूत आर रवींद्र ने कहा कि इस तरह का बयान अपमानजनक है।

## पृथ्वी पर खतरे में जीवन, 2023 में टूटे जलवायु संबंधी कई रिकॉर्ड

**सिडनी, एजेंसी।** जलवायु वैज्ञानिकों की एक वैश्विक टीम ने एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि पृथ्वी पर जीवन खतरे में है। इस टीम ने कहा कि ग्रह के 35 महत्वपूर्ण संकेतों में से 20 की पहचान उनके रिकॉर्ड चरम पर की गई है। बायो साइंस जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इन आंकड़ों से पता चलता है कि कैसे चल रही मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर अभूतपूर्व दबाव पैदा हुआ है। रिपोर्ट के प्रमुख आंकड़ों में वार्षिक कोयले की खपत 2022 में 161.5 एक्साजूल के लगभग सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।महासागर की अम्लता, ग्लेशियर की मोटाई और ग्रीनलैंड का बर्फ द्रव्यमान 2022 और 2023 के बीच रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गया, जबकि 20 साल के औसत के सापेक्ष समुद्र का स्तर 58.1 मिलीमीटर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# भारत ने कनाडा में वीजा सर्विस शुरू की

## प्रवेश वीजा समेत इन श्रेणियों की सेवाएं बहाल

**ओटावा, एजेंसी।** भारत ने कनाडा में कुछ श्रेणियों के लिए वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी हैं। जिन श्रेणियों के लिए सेवाएं बहाल की गई हैं, उनमें प्रवेश वीजा, बिजनेस वीजा, मेडिकल वीजा और कॉन्फ्रेंस वीजा शामिल हैं। भारतीय उच्चायोग की ओर से यह जानकारी दी गई है।



इससे पहले खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया था। रिश्ते अब भी नाजुक मोड़ पर हैं। पहले कनाडा की तरफ से भारत जाने वाले यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की गई। इसके बाद भारत ने खालिस्तान समर्थकों के खतरे के मद्देनजर भारतीय नागरिकों के लिए भी एडवाइजरी जारी की थी।

इस बीच 21 सितंबर को कनाडा में भारत के लिए वीजा सेवाएं मुहैया कराने वाली एजेंसी ने परिचालन कारणों से कुछ समय के लिए इस सुविधा को निलंबित कर दिया। बीएलएस इंटरनेशनल की ओर से जारी आदेश में कहा गया था कि ऑपरेशन कारणों से तत्काल प्रभाव से यानी 21 सितंबर 2023 से कनाडा में भारतीय वीजा सेवाओं को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है।

## तमिलनाडु में दर्दनाक हादसा: ट्रेन की चपेट में आने से बोलने–सुनने में अक्षम तीन किशोरों की मौत

**चेन्नई ,एजेंसी** । तमिलनाडु के चेन्नई में उपनगरीय उरापक्कम में बोलने और सुनने में अक्षम तीन बच्चे रेलवे ट्रैक पार करते समय एक ईएमयू ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे तीनों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सभी लडक़े कर्नाटक के रहने वाले थे और अपने रिश्तेदारों के घर पूजा की छुट्टियों के लिए चेन्नई आए थे। ये तीनों बच्चे वंडालूर चिड़ियाघर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान जे. सुरेश (15), उनके भाई रवि (12) और मंजूनाथ (11) के रूप में हुई।

# जमरानी बांध परियोजना को भारत सरकार की कैबिनेट से मिली स्वीकृति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : वर्ष 1975 से लम्बित जमरानी बांध परियोजना को पीएम.के.एस.वाई. ए.आई.बी.पी योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनोमिक अफेयरस की बैठक में स्वीकृति प्रदान करने पर प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल ने बताया कि जमरानी बांध परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य के जनपद

### सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री का जताया आभार

नैनीताल में काठगोदाम से 10 किमी. अपस्ट्रीम में गौला नदी पर जमरानी बांध (150.60 मी. ऊंचाई) का निर्माण प्रस्तावित है। परियोजना से लगभग 1,50,000 हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होगा, साथ ही परियोजना से हल्द्वानी शहर को वार्षिक 42 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराए जाने तथा 63 मिलियन यूनिट जल विद्युत उत्पादन का भी प्राविधान है। सिंचाई मंत्री श्री महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वृहद एवं मध्यम) के अन्तर्गत जमरानी बांध परियोजना के वित्त पोषण हेतु निवेश स्वीकृति एवं जल शक्ति मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त स्वीकृतियों के उपरान्त वित्तीय मंत्रालय भारत सरकार को वित्तीय स्वीकृति हेतु जल शक्ति मंत्रालय द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किया गया।

प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय द्वारा 07 मार्च 2023 को आयोजित पी.आई.बी. की बैठक में सहमति व्यक्त की गई। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 1730.20 करोड़ की स्वीकृति पी.एम. के.एस.वाई. में 90 प्रतिशत (केन्द्रांश) 10 प्रतिशत (राज्यांश) के अन्तर्गत प्रदान की गई है। शेष धनराशि का वहन संयुक्त रूप से उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एमओयू के अनुसार किया जायेगा।

जमरानी बांध परियोजना से प्रभावित 351.55 हेक्टेयर वन भूमि सिंचाई विभाग को हस्तांतरित करने हेतु वन भूमि (स्टेज-2) अंतिम स्वीकृति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा माह जनवरी, 2023 में प्रदान कर दी गयी है, जिससे प्रस्तावित बांध निर्माण की राह और आसान होगी तथा परियोजना प्रभावित परिवारों के विस्थापन हेतु प्राग फार्म की प्रस्तावित 300.5 एकड भूमि का प्रस्ताव 18 मई 2023 को उत्तराखण्ड सरकार की माननीय कैबिनेट में पारित किया जा चुका है। उपरोक्त प्रस्तावित भूमि को शीघ्र ही सिंचाई विभाग को हस्तांतरित किये जाने हेतु कार्यवाही गतिमान है।

श्री महाराज ने कहा कि उपरोक्त प्राप्त स्वीकृतियों के उपरान्त इस वित्तीय वर्ष में बांध निर्माण एवं पुनर्वास कार्य धरातल पर प्रारंभ होना संभव हो पाया है। वर्ष 1975 की इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रदेश वासियों विशेष रुप से हल्द्वानी वासियों को उनकी पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु जमरानी परियोजना को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मैं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।

## राहुल गांधी नवंबर के पहले हफ्ते में तेलंगाना में प्रचार करेंगे

**हैदराबाद ,एजेंसी** । कांग्रेस नेता राहुल गांधी 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के अभियान के तहत बस यात्रा के दूसरे चरण में भाग लेने के लिए अगले महीने के पहले सप्ताह में तेलंगाना का दौरा करेंगे। हालांकि उनकी यात्रा का कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इस चरण के दौरान उनके दक्षिण तेलंगाना जिलों को कवर करने की संभावना है।राहुल ने अपनी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के साथ 18 अक्टूबर को मुलुगु में एक सार्वजनिक बैठक के साथ चुनाव अभियान शुरू किया था।

# मुख्यमंत्री के सामने दरोगा ने कटाई मित्र पुलिस की नाक

देहरादून : मित्र पुलिस कही जाने वाली उत्तराखण्ड की खाकी अपने कारनामों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने लगी है। अब एक बार फिर से खाकी का बदरंग चेहरा सामने आया है। मामला उस वक्त का है जब मुख्यमंत्री के सामने ही एक दरोगा ने शर्मनाक हरकत करते हुए कार्यक्रम की कवरेज के लिए गये पत्रकार को अपराधियों की तरह धक्के मार कर कार्यक्रम स्थल से बाहर निकाल दिया। मामला यहीं शांत नहीं हुआ दरोगा ने धमकी तक दे डाली की ज्यादा बोलेगा तो ठोक दूंगा।

इस दरोगा का नाम है हर्ष अरोड़ा। ये वही हर्ष अरोड़ा है जिसे कुछ माह पहले एक भू-माफिया से लाखों रूपये लेने के आरोप में डीजीपी ने निलंबित कर दिया था। उस समय यह दरोगा हर्ष अरोड़ा पटेलनगर थाने की आईएसबीटी चौकी प्रभारी थे और तिब्बती फाउंडेशन प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी अशोक कुमार से शिकायत की, जिसके बाद डीजीपी ने मामले में मुकदमा दर्ज न करने को लेकर आईएसबीटी चौकी प्रभारी हर्ष अरोड़ा को तत्काल निलंबित करते हुए लाइन हाजिर कर दिया था, लेकिन दुर्भाग्य यह रहा कि इसके बाद इस दरोगा को फिर से प्रभार संभालते हुए हाथीबडकला चौकी का प्रभारी बना दिया और फिर परिणाम वहीं हुआ आखिर भू-माफिया से सांठगांठ और अपने अधिकारियों की बात न मानने के आरोप में हर्ष अरोड़ा को पुलिस कार्यालय में अटैच कर दिया। हर्ष अरोड़ा पर लगातार भू-माफियाओं से मिली भगत और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने के कई आरोप लगे। चमोली जिले में तैनाती के दौरान भी हर्ष अरोड़ा अपनी गुडई के चलते चर्चाओं में रहा। इसी के चलते तत्कालीन डीआईजी अजय रौतेला ने हर्ष अरोडा को निजी व्यय पर देहरादून भेजा।

उत्तराखण्ड पुलिस की जो परिकल्पना राज्य स्थापना के बाद तत्कालीन डीजीपी अशोक कान्त शरण ने की थी वह अब कही खो सी गयी है। राज्य गठन के बाद जब उत्तर प्रदेश से यह राज्य अलग हुआ तो उस समय यूपी पुलिस की गुंडा वाली छवि को वहीं छोड़कर तत्कालीन डीजीपी ने उत्तराखण्ड में पुलिस को मित्र बनाने का सपना संजोया, ताकि पुलिस और जनता के बीच संवादहीनता कम हो और राज्य अपराध मुक्त हो सके, लेकिन आज हर्ष अरोड़ा जैसे दरोगा मित्र पुलिस को गुण्डा पुलिस बनाने में लगे हुए हैं। भू-माफियाओं से सांठगांठ के चलते हटाये जाने वाले इस तरह के दरोगा पुलिस की वर्दी को सिर्फ जनता में खौफ पैदा करने का साधन मानने लगे हैं। ये जनता को कुछ भी नहीं समझते हैं और न ही अपने अधिकारियों की सुनते हैं। इस तरह के दरोगा लगातार पुलिस की छवि खराब कर अधिकारियों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। कोतवाली विकासनगर हो या फिर चौकी लक्खीबाग या खुड़बुड़ा विवादों से हर्ष का पुराना नाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि हर बार इस दरोगा को लाईन भेजा जाता है और फिर जुगाड़ लगाकर ये चौकी या थाने में पोस्टिंग पा जाता है। पुलिस के आला अधिकारी इस तरह के दरोगाओं से पुलिस की छवि को खराब करने से कैसे बचायेंगे ये तो भविष्य के गर्भ में बंद है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि एक दरोगा द्वारा खुलेआम गुडई करना और वो भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में यह राज्य पुलिस की नाक कटाने से कम नहीं है। ऐसे में पुलिस के अधिकारी मित्र पुलिस की छवि को किस तरह से कायम रख पायेंगे यह सोचने वाला विषय है।

## अखिलेश–केजरीवाल की राह पर नीतीश, गठबंधन में बिखराव तय: सुशील मोदी

**पटना , एजेंसी।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने आज कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा की पांच सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने इंडिया गठबंधन के बिखराव पर मुहर लगा दी।

श्री मोदी ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पार्टियां अपने–अपने प्रभाव वाली सीटें कांग्रेस को देने से इनकार कर गठबंधन को झटका दे चुकी हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता का अगुआ बनने का दावा करने वाले श्री नीतीश कुमार ने श्री केजरीवाल और श्री अखिलेश यादव को मनाने के बजाय खुद उनकी राह थाम ली। मध्य प्रदेश में जदयू की जमानत जब्त होगी।भाजपा सांसद ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा फिर सत्ता में आयेगी और इंडिया गठबंधन के टूटने–बिखरने की प्रक्रिया तेज होगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में 18 साल से सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा की लोकप्रियता बनी हुई है।

# घास लेने गई महिला को बाघ ने मार डाला

**रुद्रपुर।** सुरई रेंज के जंगल में घास लेने गई वृद्ध महिला को बाघ ने मार दिया। वन विभाग की टीम ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाघ के हमले की सूचना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। बुधवार को बग्गा 54 निवासी महिला भागुली देवी (70) पत्नी स्वर्गीय नैन सिंह बग्गा 54 सुरई रेंज के कक्ष संख्या 47 ब में पशुओं के चारा लेने गई थी। इस दौरान घात लगाकर बैठे बाघ ने महिला पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना रेंज अधिकारी आरएस मनराल को सरपुड़ा चौकी में तैनात वन बीट अधिकारी सतपाल ने दी। इस पर रेंज अधिकारी डिप्टी रेंजर सतीश रेखाड़ी के साथ बख्तरबंद ट्रैक्टर और फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और घटनास्थल के आसपास क्षेत्रों की सघन तलाशी ली। बाघ की उपस्थिति के पद चिह्न और निशानों की खोजबीन की गई। खोजबीन के दौरान कक्ष संख्या 47(ब) में बाघ के स्पष्ट पद



चिह्न नहीं मिले। बख्तरबंद ट्रैक्टर से मौके पर पहुंचकर महिला के शव को बरामद किया गया और मौके पर ही शव का निरीक्षण किया गया। इसमें बाघ के बाल मिले, इन्हें सैंपल के रूप में एकत्र किया गया है। इसके साथ ही शव के घाव से बाघ की लार का स्लाइवा सैंपल लिया गया। इसे स्लाइवा स्टिक में एकत्र किया गया। घटना स्थल पर बाघ की उपस्थिति और बाघ की गतिविधियों की खोजबीन के लिए ट्रैप कैमरा लगाए गए हैं। मौके पर ही टीम ने जीपीएस रीडिंग से साक्ष्य संकलित किए हैं। वन विभाग ने शव को पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय भिजवाया। रेंज अधिकारी मनराल ने बताया की वन अधिनियम के तहत मुआवजा देने की कार्रवाई की जाएगी।

## डीएमआरसी का बड़ा ऐलान: आज से 40 फेरे अतिरिक्त लगाएगी दिल्ली मेट्रो

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । राष्ट्रीय राजधानी की हवा ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। हालांकि एयर क्वालिटी में सुधार लाने और प्रदूषण को कम करने के लिए केजरीवाल सरकार ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के दो चरणों को लागू कर रखा है। ग्रेप के दूसरे चरण के लागू होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो इसके लिए दिल्ली मेट्रो ने बड़ा कदम उठाया है। डीएमआरसी ने मंगलवार को बताया कि बुधवार यानी कि आज से दिल्ली मेट्रो वीकडेज पर रोज 40 अतिरिक्त फेरे लगाया करेगी।

# हादसे के बाद पूर्व सीएम हरीश रावत जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती, कमर और गर्दन में आई चोट

**ऋषिकेश, एजेंसी।** हल्द्वानी से काशीपुर जाते समय बाजपुर में मंगलवार देर रात पूर्व सीएम हरीश रावत की कार डिवाइडर से टकर-ाकर दुघर्टनाग्रस्त हो गई। जिससे हरीश रावत समेत कुल तीन लोग घायल हो गए। पहले उन्हें काशीपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन बुधवार देर शाम डॉक्टरों की टीम ने पूर्व सीएम का चेकअप करने के बाद उन्हें और कार में उनके साथ सवार पार्टी के दो अन्य नेताओं को जौलीग्रांट में भर्ती किया।



डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी कमर व गर्दन में चोट आई हैं। कार में उनके साथ सवार कर्णप्रयाग के पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमल रावत के पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। अजय शर्मा के हाथ में चोट लगी है। वहीं, हर्रावाला निवासी कार चालक सुरेंद्र और पीएसओ नितिन मलिक ठीक हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ स्थानीय नेता और हरीश रावत के करीबी मनोज नौटियाल ने कहा कि डॉक्टरों की टीम बृहस्पतिवार को सभी टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद फैसला करेगी कि उनकी छुट्टी कब करनी है।

# मन, वाणी, कर्म से एक रहना यही पहाड़ियों की पहचान : शैला रानी

### ब्रह्मा कुमारीज ने समाज सेवियों को किया सम्मानित




जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : गुप्तकाशी में समाज सेवियों के सम्मान के लिए ब्रह्मा कुमारीज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुभाष रावत अध्यक्ष प्रधान संगठन मुख्यमंत्री गीता नेगी, अध्यक्ष आशा संगठन किरण शुक्ला, जिला मंत्री महिला मोर्चा आनंदमणि सेमल की संरक्षक नशा मुक्ति संगठन गुप्तकाशी को उनकी सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए ब्रह्मा कुमारीज के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक केदारनाथ श्रीमती शैला रानी रावत ने कहा कि ब्रह्मा कुमारीज का यह अभियान सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्श जो लोप हो रहे हैं उनकी जागरूकता फैला रहा है जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि मन, वाणी, कर्म से एक रहना यही पहाड़ियों की पहचान है और इसी पहचान से वहां पूरे देश में पहचाने जाते हैं। उन्होंने सभी को ब्रह्मा कुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू जाने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर ई.वी. स्वामीनाथ ने कहा कि वह अपने को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं कि केदारनाथ की पवित्र भूमि गुप्तकाशी में वह पहुंचे हैं। कहा कि वह एक साइकोलॉजी के प्रोफेसर हैं और महाभारत के किरदारों को मन की अवस्था मानते हैं। अर्जुन वहां है जो ज्ञान का अर्जन करता है युधिष्ठिर अर्थात जो नकारात्मक और सकारात्मक विचारों की युद्ध में स्थिर रहता है भीम अर्थात जो ऊंचे पर्वत की तरह अचल अडोल है नकुल अर्थात जिनका कोई कुल नहीं है सहदेव अर्थात जो सदा भगवान के कार्य में सहयोग करता है। दुशासन वह है जो शासन का दुरुपयोग करता है दुर्योधन जो धन का दुरुपयोग करता है यह सब मन की अवस्था है अब हमें सोचना है कि अब हमें पांडव बनना है या कौरव बनना है।

### सटूड़ी पैदल मार्ग पर जोखिम भरा सफर करने को मजबूर ग्रामीण

उत्तरकाशी : तहसील मोरी में गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के सीमावर्ती सटूड़ी गांव को जोड़ने वाला सटूड़ी पैदल पैदल मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त पड़ा है। चार माह पहले बरसात के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग को विभाग ने अभी तक दुरुस्त नहीं किया है, जिसके चलते ग्रामीण जान हथेली पर रखकर जोखिम भरा सफर तय करने को मजबूर हैं।बुधवार को सटूड़ी के ग्राम प्रधान ज्ञान सिंह रावत, सुरेन्द्र सिंह रावत आदि ने बताया कि पैदल मार्ग गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क प्रशासन के अधीन है। जिसको ठीक करने के लिए विभाग को बार बार अवगत कराने पर भी विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्द पैदल मार्ग को ठीक न किया गया तो विभाग के विरुद्ध उग्र आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।

## पात्र लोगों को योजना का लाभ दें : डीएम

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला उज्जवला समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने उज्जवला योजना के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। पात्र लोगों को योजना का लाभ देना सुनिश्चित करने को भी कहा।बुधवार को डीएम ने जिला सभागार में उज्जवला योजना समिति की बैठक योजना के पात्रता का सख्ताई से परीक्षण करने के भी निर्देश। डीएम ने कहा कि विस्तारित योजना के अन्तर्गत जनपद में प्रथम चरण में 2500 लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने को सभी एजेंसियों को अपने स्तर से प्रयास किये करने को कहा। डीएम ने डीएसओ को योजना के अन्तर्गत प्रगति की मासिक समीक्षा करने, प्रत्येक सप्ताह की अद्यतन प्रगति से अवगत कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी गैस एजेंसियों को अपने गोदाम में एवं वितरण के दौरान उचित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिये गये। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार ने देश भर में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थी को विस्तारित करते हुए 75 लाख नये कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में जिला समिति के नोडल अधिकारी सेल्स आफिसर आईओसीएल भारत सिक्का ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की जानकारी दी। जबकि सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्यायें इस मौके पर रखी। जिनका समिति के सदस्यों ने निराकरण किया। बैठक में सदस्य जिला उज्जवला योजना समिति नवीन चन्द्र पाण्डेय, गौरव हिरनवाल, अश्वनी कुमार सहित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पहाड़ी जिलों की आर्थिक स्वप से कमजोर महिलाओं को मिलेगी छतः रेखा आर्य



देहरादून। महिला सशक्तिकरण बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने नौ पहाड़ी जिलों में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को विभाग की ओर से फैब्रिकेटेड छत प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। यह सहायता विभाग को प्राप्त आबकारी सेस से प्रदान की जाएगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को विधानसभा में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि विभाग को महिला कल्याण कोष के लिए आबकारी विभाग के माध्यम से अतिरिक्त शुल्क के रूप में आठ करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। इस बजट से महिला स्वरोजगार, एकल महिला कल्याण, महिला सुरक्षा, आपदा या दुर्घटना में अनाथ हुए बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही इसी बजट से नौ पहाड़ी जनपदों की आवासहीन महिलाओं को भी दो कमरों की छत उपलब्ध कराने के लिए फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर बनाकर दिया जाएगा या उसके बराबर धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसी महिलाओं को ही शामिल किया जाएगा, जो किसी भी कारण से पीएम आवास योजना या अन्य किसी योजना के तहत आवास प्राप्त नहीं कर पाई हैं। उन्होंने विभाग से इस पर 15 नवंबर तक प्रस्ताव देने को कहा ।नंदा गौरा आवेदन ऑनलाइनः मंत्री ने कहा कि 22 अक्टूबर को नंदा गौरा योजना का पोर्टल प्रारंभ हो चुका है। योजना के तहत जन्म के छह माह के भीतर बच्ची का रजिस्ट्रेशन किया जाना आवश्यक है। ऐसी बालिकाएं जिनके जन्म को छह माह से अधिक का समय हो चुका है, उनके अभिभावक ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जबकि जिनका जन्म पोर्टल शुरू होने के बाद हुआ है, उनका आवेदन ऑनलाइन ही किया जाएगा। उन्होंने नंदा गौरा के साथ ही वात्सल्य योजना में आ रही दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिए।

### 28 अक्टूबर को होगी आपत्तियों पर सुनवाई

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग के सीमा विस्तार में सम्मिलित होने वाले क्षेत्र/ग्रामों से संबंधित आपत्तियों को 26 अक्टूबर (गुरूवार) की सायं 5 बजे तक जिलाधिकारी कार्यालय अथवा नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग में प्रस्तुत किया जा सकता है। सीमा विस्तार/गठन के संबंध में प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर 28 अक्टूबर को सुनवाई किए जाने हेतु जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निकायों में सीमा विस्तार के संबंध में अधिसूचना जारी होने के बाद नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग के सीमा विस्तार को लेकर 26 अक्टूबर को सायं 5 बजे तक लिखित रूप में आपत्तियां दर्ज की जा सकती हैं। कहा कि प्राप्त आपत्तियों पर 28 अक्टूबर को सुनवाई किए जाने हेतु उनकी अध्यक्षता में पांच सदस्यों की समिति गठित की गई है जिसमें अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी रुद्रप्रयाग सदस्य तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग को सदस्य सचिव नामित किया गया है।

## 27अक्तूबर से सजेगी दून में गीत—संगीत की विरासत

देहरादून। रीच संस्था ने अपने सालाना भारतीय संगीत के महोत्सव विरासत के शेड्यूल की घोषणा कर दी है। कई सालों के बाद उत्तराखंड के लोकनाट्य चक्रव्यूह की विरासत में वापसी हुई है। वहीं भारतीय शास्त्रीय संगीत के उभरते हुए नई पीढ़ी के दिग्गज भी विरासत के मंच पर नजर आएंगे। ग़ज़ल गायिका राधिक चोपड़ा, बडाली, नियाजी ब्रदर्स के साथ तीन बार के ग्रैमी अवार्ड विजेता जर्मनी के रिके केज भी इस बार विरासत में प्रस्तुति दे रहे हैं। 27 अक्तूबर से दस नवंबर तक दून के ओएनजीसी कौलागढ़ स्थित डॉ.बीआर अम्बेडकर स्टेडियम में भव्य सांस्कृतिक विरासत का आग़ाज होगा। इस बार के विरासत में राकेश चौरसिया का बांसुरी वादन, ओमकार दादरकर, संजय अभयंकर, कौशुकी चक्रवर्ती, सुहाना शर्मा, पंडित राजन और स्वरांश मिश्रा, शवानी शिंदे, आरती अनकालीकर, का शास्त्रीय गायन, पंजाबी लोक व सूफी गायक जसबीर जस्सी की प्रस्तुतियां होगी। इसके साथ ही रशिया का मॉडर्न डांस राकेता, दक्षिण अफ्रीका का डांस थिएटर त्रिभांगी भी आकर्षण का केन्द्र होगा। तीन बार के ग्रैमी अवार्ड विजेता रिकी केज का अर्थ कंसर्ट दस नवंबर को होगा। रीच संस्था के लोकेश ओहरी ने बताया कि रिकी केज की दिली ख्वाहिश उत्तराखंड में कहीं कंसर्ट करने की थी। इसके अलावा विरासत को नया स्वरुप देने के लिए कई सारे अन्य आकर्षण जोड़े गए हैं।

चक्रव्यूह होगा आकर्षण का केन्द्रः उत्तराखंड के चमोली के ग्रामीण अंचल में बेहद लोकप्रिय चक्रव्यूह का मंचन इस बार विरासत में होगा। चक्रव्यूह महाभारत में कौरव व पांडवों के बीच युद्ध की एक महत्वपूर्ण घटना पर आधारित प्रसंग है। 2003 में पहली बार चक्रव्यूह का मंचन विरासत में पहली बार किया गया था। तब रीच संस्था ने डॉ.डीआर पुरोहित के निर्देशन में इस लोकनाट्य के लिए एक वर्कशाप का भी आयोजन किया था। कई सालों बाद चक्रव्यूह की विरासत में वापसी हो रही है।

## एक नजर

### लंबी दौड़ में प्रांजल और राखी ने मारी बाजी

उत्तरकाशी : पुरोला खेल मैदान में बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा ने एक दिवसीय खेल महाकुंभ का आयोजन कर खेल के प्रति युवाओं को प्रेरित किया। इस दौरान वालीबॉल प्रतियोगिता में संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लंबी दौड़ में प्रांजल प्रथम और सूजल द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग में राखी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में दिनेश आर्य प्रथम रहे। प्रतियोगिताओं के समापन पर सभी प्रतिभागी टीमों व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि आज युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने युवाओं को समाज में बढ़ते नशे की परंपराओं से दूर रहकर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के माध्यम से शारीरिक व मानसिक समृद्धि के लिए सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री पवन नौटियाल, महेश जगूड़ी, जगमोहन पंवार, कपिल नेगी, प्रदीप रावत, विजयपाल रावत, मोहब्बत नेगी, अमन चुनार, रितेश रावत, चंद्रकांता पंवार, विजेंद्र पंवार, दर्शन सिंह रावत थे। (एजेंसी)

### मां अनसूया मां का मेला 25 दिसंबर को

चमोली : मां अनसूया मंदिर में हर वर्ष मनायी जाने वाली दत्तात्रेय जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। इस बार मां अनसूया का मेला 25 दिसंबर को लगेगा। जिसकी समिति ने तैयारी शरू कर दी है। मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सजाने का निर्णय लिया गया है।

बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि अनसूया मंदिर के पुजारी अंकित सेमवाल द्वारा विधि-विधान से पंचांग पूजा कर दत्तात्रेय जयंती की तिथि का निश्चय किया गया। साथ ही कार्यक्रम भी घोषित किया गया। कार्यक्रम के अनुसार 25 दिसंबर को सभी देव डोलियां मां के दरबार मे पहुंचकर भव्य स्वागत एवं पूजा-अर्चना की जायेगी।

# कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किया मैक्सिको की सेंट्रल दा ऐबसटा मंडी का भ्रमण



देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मैक्सिको की सेंट्रल दा ऐबसटा मंडी का भ्रमण कर वहां की विशेषताओं को परखा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की मडियों के बीच व्यापार को सुगम बनाए जाने की जरूरत है। मेक्सिको की सेंट्रल दा ऐबसटा मंडी दुनिया की सबसे बड़ी मडियों में से एक है। यह कुल 833 एकड़ क्षेत्रफल में फैली हुई है। इस मंडी में प्रतिदिन पांच लाख लोग व्यापार करने के लिए आते हैं जबकि हर दिन यहां आने वाले वाहनों की संख्या 60 हजार से अधिक होती है। विदित है कि कृषि मंत्री गणेश जोशी मैक्सिको के कानकुन शहर में आयोजित हो रहे विश्व संघ थोक बिक्री बाजार के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे हुए हैं। 25 से 28 अक्तूबर तक आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में 112 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस सम्मेलन का मुख्य मकसद कृषि विपणन की चुनौतियों पर मंथन करना है। मंडी कार्यालय में भ्रमण के दौरान कृषि मंत्री जोशी ने वहां के अध्यक्ष को उत्तराखंडी टोपी पहनाकर सम्मानित किया और विस्तार से मंडी के संदर्भ में जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने दिसंबर में आयोजित होने वाले इंवेस्टर्स समिट में प्रतिभाग का भी अनुरोध किया। जिस पर मंडी के अधिकारियों ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया है। कृषि मंत्री ने इस दौरान वहां के थोक व्यापारियों से भी मुलाकात कर कई प्रकार के फलों की जानकारी ली। इस अवसर पर मंडी के अधिकारियों के साथ ही कोसाम्ब के प्रबंध निदेशक डॉ जगवीर सिंह यादव और मंडी परिषद के सचिव विजय थपलियाल भी मौजूद रहे।

**मंडियों की स्वच्छता के लिए बनेगा प्लान**

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि हमें मंडियों की साफ–सफाई के लिए दूर दृष्टिता के साथ योजना बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वच्छता को लेकर विशेष लगाव है।

### नगर निगम के अधिकारी करेंगे सफाई वाहनों की मॉनीटरिंग

देहरादून, नगर निगम के वार्डों में सफाई वाहनों के संचालन की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी सहायक नगर आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। यदि किसी भी अनुबंधित कंपनी के वाहन ने निर्धारित रूट पर नियमित रूप से तय चक्कर नहीं लगाए तो निगम कंपनियों को होने वाले भुगतान में कटौती करेगा। अधिकारी निरंतर औचक निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट नगर आयुक्त मनुज गोयल को देंगे। ताकि डोर टू डोर और सार्वजनिक जगहों से कूड़ा उठने को लेकर कोई लापरवाही नहीं हो। बीच में डेंगू रोकथाम अभियान के चलते अधिकारी सफाई वाहनों की मॉनीटरिंग नहीं कर पा रहे थे। जिसके बाद निगम प्रबंधन को सफाई वाहनों के नियमित संचालन नहीं होने को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

## न्यू मिट्ठी बेरी पेयजल योजना की जांच के आदेश

देहरादून। जल संस्थान की मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग ने न्यू मिट्ठी बेरी में जल संस्थान द्वारा किए जा रहे पेयजल योजना की जांच के आदेश दिए हैं। जांच एसई शहरी क्षेत्र राजीव सैनी को सौंपी गई है। शिकायतकर्ता वीरू बिष्ट की शिकायत पर ये कार्रवाई हुई है।सामाजिक कार्यकर्ता वीरु बिष्ट ने मुख्य महाप्रबंधक से प्रेमनगर के न्यू मिट्ठी बेरी पेयजल योजना पर अधिकारियों द्वारा लगातार नियम विरुद्ध काम करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि पेयजल पंप की फेंसिंग की जगह बिजली पोलों की फेंसिंग की गई है। जबकि पंप को खुला छोड़ दिया गया। योजना की गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा गया। चार दिवारी की जगह साधारण जाली लगाई गई है। ट्रांसफार्मर से मीटर बॉक्स तक की लाइन को ठेकेदार ने खुद ही भूमिगत बिछा दिया। जहां मिनी ट्यूबवेल बनाया गया है वह जमीन आईएमए के स्वामित्व की है। इसके चलते प्रेमनगर थाने में आईएमए ने प्राथमिकी भी दर्ज की है। यदि यह योजना भविष्य में ध्वस्त होती है तो सरकार को करोड़ों का नुकसान होगा। उन्होने मुख्य महाप्रबंधक को वर्तमान तक हुए निर्माण कार्य की फोटो भी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि सीजेएम ने भी माना है कि योजना के क्रिय्रान्वयन में कमी नजर आ रही है।

# शहर के बाहर पटाखों की दुकान नामंजूर



ऋषिकेश। दीपावली के त्योहार पर पटाखों की दुकान लगाने को लेकर प्रशासन ने स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रशासन ने शहर के बाहर खुले स्थान पर दुकान लगाने की बात कही, तो व्यापारी नाराज हो गए। उन्होंने पूर्व की भांति ही नगर क्षेत्र में पटाखों की दुकान लगाने की अनुमति देने का मुद्दा उठाया। सहमति न बनने के चलते बैठक बेनतीजा रही। बुधवार को एसडीएम योगेश सिंह मेहरा की ओर से आयोजित बैठक में व्यापारी शामिल हुए। बैठक में प्रशासन की ओर से दीपावली पर पटाखों की दुकानें आबादी क्षेत्र से बाहर खुले मैदान में लगाने की बात रखी गई। व्यापारियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए दो टूक कहा कि पूर्व में मुखर्जी मार्ग और अन्य सड़कों पर दुकानें लगती रही हैं। प्रशासन लिखित में दुकानदारों से सुरक्षा संबंधी शपथ भी लेता रहा है। बाजार से बाहर दुकान लगाने से व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ेगा। नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र ने कहा कि पटाखे की दुकानें बाहर लगने से छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान होगा, इसके हक में व्यापार मंडल नहीं है। महामंत्री प्रतीक कालिया ने कहा कि व्यापारी हित के लिए प्रशासन को इस तरह के निर्णय पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

### मंत्री ने वैली ब्रिज का लोकार्पण किया

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने गुमानीवाला में 1.20 करोड़ रुपये की लागत से बने वैली ब्रिज का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में विकास कार्य अनवरत जारी हैं। बुधवार को गुमानीवाला में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने नवनिर्मित वैली ब्रिज का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा के विकास के लिए कभी धन की कमी नहीं आड़े आएगी।

आपदा के दौरान उन्होंने लगभग सभी जगह विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर स्थायी समाधान के लिए निर्देशित किया था।

## क्षैतिज आरक्षण को लेकर प्रवर समिति अध्यक्ष से मिला आंदोलनकारी मंच

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने बुधवार को विधानसभा की प्रवर समिति अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल से उनके यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर मुलाकात की और प्रवर समिति की बैठक को दो माह आगे बढ़ाने पर नाराजगी जताई। राज्य आंदोलनकारियों का प्रतिनिधिमंडल ज्यों ही सरकारी आवास पर मुलाकात के लिए पहुंचा उसी समय मंत्री अपने काफिले के साथ आवास से निकल गए। इस पर आंदोलनकारी मंच के प्रतिनिधि नाराज हो गए। स्टाफ से पता लगा कि मंत्री महोदय मैक्स अस्पताल गये हैं, इसलिए उन्हें इंतजार करना होगा। एक घंटे बाद आवास पहुंचने पर मंत्री ने संदेश भिजवाया कि आंदोलनकारी उनके पीआरओ से बात कर लें। इससे नाराज आंदोलनकारी आवास से बाहर नारेबाजी करने लगे। प्रवर समिति तिथि बढ़ाने का खेल बन्द करो.., उत्तराखंड आंदोलनकारियों की उपेक्षा बन्द करो..। नारेबाजी सुनकर प्रवर समिति अध्यक्ष ने उन्हें वार्ता के लिए बुलाया और नाराजगी जताते हुए कहा कि दांत दर्द की वजह से वह बात करने की स्थिति में नहीं हैं और वे लोग नारेबाजी कर रहे हैं। इस पर दोनों ओर से कुछ देर बहस हुई। बाद में सौहार्दपूर्ण तरीके से वार्ता हुई, जिसमें मंच अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी ने कहा कि यदि प्रवर समिति दो हफ्ते में बैठक बुलाने की पहल करें तभी भर्ती कैलेण्डर का लाभ राज्य आंदोलनकारियों को मिल सकेगा। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने बताया कि पिछले 10–वर्षों से क्षैतिज आरक्षण पुनर्बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन परिणाम दूर दूर होता जा रहा है। शिष्टमण्डल ने इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी से भी मुलाकात की जिसमें उन्होंने कहा कि तिथि प्रवर समिति के सुझाव पर बढ़ाई गईं। जैसे ही समिति इस मसौदे को पास करेगी तत्काल सत्र बुलाया जाएगा।

# दीपावली तक प्रतिदिन संयुक्त अभियान चलाना सुनिश्चित करें: सीडीओ जैन

हरिद्वार। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रतीक जैन की अध्यक्षता में बुधवार को रोशनाबाद में विकास भवन के सभागार में नार्को कोआर्डिनेशन सेण्टर (एन..सी.ओ.आर.डी.) विषयक जनपद स्तरीय समिति की एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रतीक जैन को अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) श्री पी0एल0 शाह ने इस सम्बन्ध में पूर्व में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णयों की विस्तार से जानकारी दी । अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची शराब व ड्रग्स के मामले ज्यादा प्रकाश में आते हैं। बैठक में जनपद में कौन–कौन से क्षेत्र ऐसे हो सकते हैं, जहां पर अवैध ड्रग्स, शराब तथा भांग अथवा जंगली भांग के अवैध कारोबार की संभावनायें हैं, के सम्बन्ध में विस्तार से विचार–विमर्श हुआ।

प्रतीक जैन ने पुलिस अधिकारियों से बैठक में जानकारी ली कि इधर आपने कितने एफआईआर ड्रग्स आदि के मामले में दर्ज किये। इस पर उन्होंने बताया कि इधर तीन एफआईआर दर्ज की गयी हैं तथा इस तरह के अवैध कारोबार की धर–पकड़ के लिये द्रोण तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह एक्साइज विभाग के अधिकारियों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि समय–समय पर चलाये गये अभियान के तहत पांच हजार लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गयी तथा 251 अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

इसके अतिरिक्त अवैध भांग की खेती के खिलाफ भी वन विभाग के साथ समय–समय पर कार्रवाई की जा रही है। श्री प्रतीक जैन ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये कि वे अवैध ड्रग्स आदि के सम्बन्ध में कार्रवाई करने हेतु थानेवार प्रत्येक माह के लिये थानों को लक्ष्य देना सुनिश्चित करें।

### कर्मशाला अनुदेशकों को नियुक्ति की सिफारिश

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेट्रिपलएससी) ने कर्मशाला अनुदेशक के 141 पदों पर नियुक्ति की सिफारिश कर दी है। विज्ञप्ति जारी होने के बाद साल बाद नियुक्ति की सिफारिश होने से अभ्यर्थियों ने राहत की सांस ली है। यूकेट्रिपलएससी के सचिव एसएस रावत ने बताया कि आयोग द्वारा कर्मशाला अनुदेशक (शाखा –1 इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रानिक्स और शाखा–2 मैकेनिकल) के कुल 152 पदों के लिए पांच अक्टूबर, 2021 को विज्ञापन प्रकाशित किया था।

## डॉक्टर दंपति ने एवरेस्ट बेस कैंप में फहराया तिरंगा

ऋषिकेश। ऋषिकेश के डॉक्टर दंपति ने नेपाल स्थित एवरेस्ट बेस कैंप में तिरंगा फहराया है। यह कारनामा रेलवे रोड स्थित प्रसाद हॉस्पिटल संचालक डॉ. हरिओम प्रसाद और डॉ. ऋतु प्रसाद ने किया है। डॉ. हरिओम प्रसाद ने बताया कि इस ट्रैकिंग पर जाने से पहले उन्होंने दो महीने की ट्रेनिंग ली। रोज सात किमी तेज टहले, दो किमी दौड़े, योगा किया, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज की, एंड्यूरेंस बढ़ाई और हर हफ्ते छोटे ट्रैक्स किए। इस प्रकार ट्रेंड होने के बाद वे एवरेस्ट बेस कैंप के लिए गए थे। एवरेस्ट बेस कैंप अपने आप में एक कठिन ट्रैक था। इसमें आठ दिन तक लगातार ऊंची चढ़ाई पर चढ़ना होता है, रोज 500 मीटर की हाइट तक चलना होता है, तब जाकर आप एवरेस्ट बेस कैंप 5364 मीटर पर पहुंचते हैं। ऊंचाई पर जाते ही ऑक्सीजन का प्रेशर लो हो जाता है और ठंड बढ़ने लगती है। 4000 मीटर से ऊपर ऊंचाई पर तापमान माइनस में चला जाता है। एक्यूट माउंटेन सिकनेस के चांसेज बढ़ जाते हैं, ऐसे में ज़्यादा से ज़्यादा पानी पीने की जरूरत होती है।

## सामान्य ज्ञान में समृद्धि, मनीषा ने मारी बाजी

**पौड़ी** : हिमशिखर सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति पौड़ी द्वारा सेंट जेम्स स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में समृद्धि आर्य ने पहला, सान्वी ने दूसरा व स्पर्श रावत ने तीसरा स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में मनीषा कंडवाल पहले, विजयलक्ष्मी दूसरे व कृर्ति सैनी तीसरे स्थान पर रहे। संस्था के अध्यक्ष दीपक डोभाल ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे हिमालय बचाओ अभियान के साथ ही स्वच्छता पर भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विजेता प्रतिभागियों को कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष सुनील लिंगवाल, छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल, यूआर विनय रावत, सचिव ऋतिक रावत, कोषाध्यक्ष लविश, मीडिया प्रभारी शिवांश बहुगुणा ने सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मधुबाला आदि मौजूद रहे।

# मिट्टी सूखने के बाद हाईवे पर गिर रहे बोल्डर, चुनौती बन रहा सफर

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : वर्षाकाल में मुसीबत बने कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही। हालत यह है कि पहाड़ की मिट्टी सूखने के बाद लगातार बोल्डर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर रहे हैं। जिससे वाहन चालकों को आवाजाही में खतरा बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग जेसीबी की मदद से पहाड़ पर फंसे बोल्डरों को गिराने का कार्य कर रहा है।

**वर्षाकाल में जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया था कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग**

बीते माह 8 अगस्त व 14 अगस्त को हुई अति वर्षा से नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य जगह-जगह बदहाल हो गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को पहाड़ी से आए मलबे व बोल्डर को हटाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कई दिन तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह बंद रहा। वर्षा काल थमने के बाद व्यवस्थाएं ठीक होने लगी। लेकिन, अब पहाड़ की मिट्टी सूखने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोबारा बोल्डर लुढ़कने लगे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। कोटद्वार से दुगड्डा तक 15 किलोमीटर के सफर में यात्रियों की सांसें अटकी रहती हैं।

### पुश्तों की नहीं ले रहे सुध

ऊपर पहाड़ी में फंसे बोल्डर के साथ ही क्षतिग्रस्त सड़क के पुश्ते भी वाहन चालकों को डरा रहे हैं। हालत यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से अब तक पुश्ता निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। कई स्थानों पर बने बड़े-बड़े गड्ढे भी वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है।



कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य पहाड़ी पर फंसे बोल्डर हटाती जेसीबी

### नहीं दिख रहे चेतावनी बोर्ड

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर कहीं भी चेतावनी बोर्ड नजर नहीं आ रहे। नतीजा वाहन चालकों को मार्ग पर पड़ने वाले खतरे की जानकारी भी नहीं मिल पा रही है। पूर्व में लगे चेतावनी बोर्ड भी राष्ट्रीय राजमार्ग से गायब हो चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने बेहतर सफर के लिए मार्ग मरम्मत के साथ ही चेतावनी बोर्ड भी लगवाने की मांग की है।

## डीएम ने रोका औषधि निरीक्षक का वेतन

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : मादक पदार्थों, भांग आदि पर प्रभावी कार्यवाही के लिए बनाई गई जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक द्वारा बैठक में हिस्सा नहीं लेने व पूर्व की बैठकों में दिए गए निर्देशों की आख्या प्रस्तुत नहीं करने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जो व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर नशा करते हुए पाया जाता है उसके विरुद्ध कोटपा ऐक्ट की धाराओं में कार्रवाई की जाए और अवैध शराब का व्यापार करने वाले व्यक्तियों की धर पकड़ की जाए।

**सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने पर होगी कार्रवाई**

बुधवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने पुलिस, राजस्व, आबकारी व स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को मेडिकल स्टोर्स का संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने, शिक्षा विभाग के अफसरों को नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल व कॉलेज स्तर पर छात्रों में प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाने के निर्देश दिये। डीएम ने वन विभाग को फॉरेस्ट क्षेत्र में जंगली तरीके से उगने वाली भांग का क्षेत्रफलवार आंकड़े उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, पुलिस उपाधीक्षक वैभव सैनी आदि शामिल रहे।

## जिले के 183 खिलाड़ी राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिताओं में लेगें हिस्सा

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी** : शिक्षा विभाग प्रारंभिक की राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पौड़ी जिले से 183 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 1 से 4 नवंबर तक महाराणा प्रताप स्पोर्टस स्टेडियम देहरादून में होगी।

जिला खेल समन्वयक प्रारंभिक शिक्षा कमल उप्रेती, सह जिला समन्वयक प्रदीप रावत ने बताया कि बीते दिनों प्रारंभिक शिक्षा की जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता श्रीकोट-श्रीनगर में हुई थी। जिसमें जिले के विभिन्न ब्लाकों से 183 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बताया कि प्रतियोगिता में दौड़, फुटबॉल, वालीबॉल, गोला फैंक, चक्का फैंक, सांस्कृतिक प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता, समूह गान आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पौड़ी जनपद के पौड़ी ब्लाक से 34, रिखणीखाल से 11, थलीसैंण से 2, पाबौ से 15, पोखड़ा से 9, एकेश्वर से 5, यमकेश्वर से 21, द्वारीखाल से 2, बीरोंखाल से 7, कोट से 12, खिर्सू से 28, दुगडडा से 17 तथा जयहरीखाल से 4 प्रतिभागी शामिल होंगे।

## सीओ ने किया थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

**थलीसैंण** : सीओ सदर श्याम दत्त नौटियाल ने बुधवार को थाना थलीसैंण का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं को पूर्ण करने व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। साथ ही थाने में वांछित चल रहे अपराधियों की धरपकड़ को लेकर थाना प्रभारी को भी निर्देश देते हुए कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा और मधुर व्यवहार किया जाए। इस मौके पर सीओ ने सीएलजी सदस्यों, व्यापार मंडल के सदस्यों, ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक की।

सीओ श्याम दत्त नौटियाल ने मालखाना, बैरिक, मैस, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यालय में रखे अभिलेखों को चेक किया। इस दौरान थाने के मालखाने में मौजूद सरकारी संपत्ति एवं शस्त्र आदि का भौतिक सत्यापन किया गया। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से अस्लाह कारतूस की जानकारी लेकर उनकी हैंडलिंग करवाई गई। सीओ ने पुलिस कार्मिकों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने, बीट क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी के साथ-साथ आमजन के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुनील पंवार सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।



सीओ श्याम दत्त नौटियाल निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मी से जानकारी लेते हुए।

## लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : मालिनी किसान पंचायत कण्वघाटी भाबर के एक प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी से उनके आवास पर मुलाकात की। किसान पंचायत ने बरसात से क्षतिग्रस्त लालढांग मार्ग की अविलंब मरम्मत कर उस पर यात्री वाहनों का संचालन शुरू कराने की मांग की है। कहा कि बीते वर्ष तक वन विभाग बरसात का सीजन खत्म होते ही एक अक्तूबर को इस मार्ग को आवागमन लायक बना देता था। लेकिन इस बार माह के अंतिम सप्ताह तक भी इसे नहीं खोला जा सका है। इससे क्षेत्र के काश्तकारों को परेशानी हो रही है।

मालिनी किसान पंचायत के अध्यक्ष जेपी बहुखंडी, महासचिव मधूसूदन सिंह नेगी, पार्षद राकेश बिष्ट, सुखपाल शाह व मनीष भट्ट ने लालढांग मार्ग के अभी तक न खुलने से होने वाली दिक्कतें विस अध्यक्ष को बताई और मांग पत्र सौंपा। बताया कि चिलरखाल-लालढांग मार्ग से पौड़ी और हरिद्वार जिले के गांवों के लोग खेती के काम से आवागमन करते हैं। वर्ष 1915 में लैंसडौन वन प्रभाग की दो रेंजों कोटद्वार और लालढांग के राजाजी टाइगर रिजर्व के बफर जोन में शामिल करने से लोगों पर अनावश्यक शिंकजा कसा जा रहा है, जबकि यह मार्ग वन विभाग की नियमित दिन और रात की पैट्रोलिंग के लिए भी बहुत जरूरी है। अध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को मार्ग को खुलवाने का भरोसा दिलाया है।

## कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति आज करेगी नगर निगम का घेराव

### जन समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में जन समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रही कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति गुरुवार को नगर निगम का घेराव करेगी। समिति ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की भी चेतावनी दी है। कहा कि जन समस्याओं की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, उपजिलाधिकारी ने बुधवार को समिति के सदस्यों के साथ बैठक भी की।

जन समस्याओं को लेकर कुछ सप्ताह पूर्व कोटद्वार बंद का सफल आंदोलन चलाने के बाद अब कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति ने निगम के खिलाफ भी आंदोलन शुरू कर दिया है। समिति के संरक्षक नागेंद्र उनियाल ने कहा कि नगर निगम गठन के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम जन समस्याओं का निराकरण नहीं कर पा रहा है। आज भी सड़कों पर आवारा गोवंशों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

अधुनिक बस अड्डे के नाम पर मोटर नगर में केवल एक गड्ढा ही नगर आ रहा है। अतिक्रमण हटाने के बाद भी पैदल चलने के लिए फुटपाथ नहीं बनाए गए है। शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से आमजन को अपने वाहन सड़क पर खड़े करने पड़ते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है।



कोटद्वार तहसील में विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे समिति के सदस्य

जन समस्याओं को लेकर समिति ने कुछ दिन पूर्व नगर निगम में तालाबंदी की चेतावनी दी थी। लेकिन, उपजिलाधिकारी ने जल्द ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है। जिसके बाद तालाबंदी कार्यक्रम को स्थगित करते हुए नगर निगम में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

कहा कि यदि 15 दिन के भीतर जन सस्याओं का निराकरण नहीं होता तो नगर निगम के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा। वहीं, आंदोलन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों ने शहर का भ्रमण भी किया। आमजन से समस्याओं को लेकर एकजुट होने की अपील की।

## 27 को होगा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली और एकेश्वर मंडल की भाजपा महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन 27 अक्तूबर को आयोजित होगा। गुरुवार को होने वाले इस सम्मेलन में मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगी। महिला मोर्चा अध्यक्ष सतपुली रेनु घिल्डियाल ने बताया कि सम्मेलन सुबह 11 बजे सतपुली में होगा। उन्होंने सतपुली और एकेश्वर मंडल के सभी मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों से सम्मेलन में उपस्थित रहने की अपील की है।

## बलूनी पब्लिक स्कूल और हैरिटेज एकेडमी ने जीते मैच

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति संस्था की ओर से शहीद की स्मृति में आयोजित अंतर विद्यालयी फुटबाल प्रतियोगिता में बलूनी पब्लिक स्कूल व हैरिटेज एकेडमी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है।

भाबर क्षेत्र के अंतर्गत जनता इंटर कालेज मोटाढ़ाक के खेल प्रांगण में आयोजत प्रतियोगिता का पहला मैच बलूनी पब्लिक स्कूल और नवयुग पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें बलूनी पब्लिक स्कूल ने शौर्य चौहान के अंतिम क्षणों में किए गए गोल से मैच को जीतने में सफलता प्राप्त की। दूसरे मुकाबला हैरिटेज एकेडमी और स्कालर एकेडमी के बीच खेला गया। मध्यातंर से पहले ही हैरिटेज एकेडमी के खिलाड़ी शुभम नैथानी ने गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में स्कालर एकेडमी के अंतरिक्ष ने गोल दाग कर मैच को बराबरी पर ला दिया। अतिरिक्त समय में हैरिटेज के दर्शन ने गोल दागकर टीम को 2-1 से विजय दिलाते हुए टीम को अगले दौर में प्रवेश करा दिया। इस दौरान श्याम डांगी, महेश्वर नेगी, संजय कुमार, मनोज नेगी, सिद्धार्थ कुमार, विनय मोहन और चंद्रमोहन सिंह सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने 17 पेटी शराब के साथ एक पकड़ा

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जिले में नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस की कार्रवाई के बावजूद भी नशा तस्कर शराब का अवैध कारोबार बेखौफ होकर कर रहे है। पैठाणी पुलिस ने 17 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की पकड़ी है। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। शराब की बाजारी कीमत डेढ़ लाख बताई जा रही है।

पौड़ी की एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि जिले में ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत अवैध नशे के कारोबार को लेकर पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है और नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। आम जनमानस से भी अपील की गई कि यदि कोई व्यक्ति नशे के कारोबार में संलप्ति है तो उसकी सूचना पुलिस को दे। पैठाणी थाना प्रभारी वीरेंद्र रमोला ने बताया कि पुलिस टीम ने चाकीसैंण बाजार के पास एक कमरे से चेकिंग के दौरान आरोपी हरेन्द्र सिंह रावत निवासी म्योल्ठी से 17 पेटी अवैध शराब बरामद की, जिस पर आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिफ्तार किया गया है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह गुंसाई, अरविन्द कुमार, कमल, सुरजीत, शैलेन्द्र सहित होमगार्ड संदीप व हर्षपाल शामिल रहे।

## नदी में बहे सफाई कर्मी का 30 घंटे बाद भी नहीं चला पता

**श्रीनगर गढ़वाल** : अलकनंदा नदी के तेज बहाव में बहे नगर निगम के सफाई कर्मी का 30 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। युवक की तलाश के लिए जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम खोजबीन में जुटी हुई है। मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे के करीब अपने परिजनों के साथ दशहरा पूजन करने गए नर्सरी रोड वाल्मिकी मोहल्ला निवासी अनिल (45) अलकनंदा नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया। जिससे वह नदी की धारा में बहने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ आदि की टीम ने अनिल की काफी ढूंढ खोज की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर विनोद सिंह गुसांई ने बताया कि पुलिस, एसडीआरएफ और जल पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति की तलाश के लिए कीर्तिनगर, देवप्रयाग सहित अन्य थानों में भी सूचना दे दी गई है। (एजेंसी)

## कर्मचारियों को चार माह से नहीं मिला वेतन, आंदोलन की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पिछले चार माह से वेतन का भुगतान नहीं होने पर आउटसोर्स कर्मियों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पूर्व में आश्वासन के बाद भी विभाग समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा।

बुधवार को कार्बेट टाइगर रिसेप्शन सेंटर के स्वागत कक्ष में दैनिक संविदा, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग, लैंसडौन वन प्रभाग व भूमि संरक्षण वन प्रभाग के कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में संघ के प्रदेश संरक्षक देवेंद्र सिंह ने कहा कि त्योहार सीजन शुरू हो चुका है। लेकिन, अब तक विभाग ने दैनिक संविदा, आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया है। ऐसे में कर्मचारियों का परिवार आर्थिक समस्या से जूझ रहा है। सबसे अधिक परेशानी किराए के कमरे में रहने वाले कर्मचारियों को हो रही है। कहा कि पूर्व में अधिकारियों ने 15 दिन के भीतर समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। लेकिन, अब तक हालात जस के तस बने हुए हैं।



कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेते आउटसोर्स वन कर्मी

कहा कि कर्मचारियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर राम सिंह खाती, रोहित बड़थ्वाल, राजीव शर्मा, मोहन चंद्र, प्रिया, पवन नेगी, संदीप कुमार, बचन सिंह, आनंद सिंह, अनूप सिंह, महावीर प्रसाद, हरेंद्र, हेमा देवरानी आदि मौजूद रहे।

# समाज हित में कार्य करता है आरएसएस

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्राथमिक शिक्षा वर्ग की कक्षा में स्वयं सेवियों को आरएसएस के महत्व के बारे में बताया गया। कहा कि समाज सेवा में दिए जा रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान सदस्यों ने हवन भी किया।

बलूनी पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला कार्यवाह संदीप ने स्वयं सेवियों को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में बताया। कहा कि आरएसएस एक बेहतर समाज निर्माण में अपना योगदान दे रहा है।

स्वयं सेवकों के लिए यह जानना आवश्यक है कि उसको पूरा सेवक बनने के लिए पांच कक्षाओं में भाग लेकर राष्ट्र की ललक सीखनी होती है। जिसका यह प्रथम भाग है, प्राथमिक शिक्षा वर्ग में नियुद्ध कराटे, दंड, डंडा योगासन, स्वदेशी खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जीवन के नैतिक मूल्यों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में कोटद्वार नगर, रिखणीखाल, जयहरीखाल, पौखाल, दुगड्डा, सतपुली, यमकेश्वर, द्वारीखाल खंड से सौ से अधिक स्वयं सेवक भाग ले रहे हैं।

वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा के समय संघ कभी यह नहीं देखता कि आपदा में फंसा व्यक्ति किस धर्म का है।

संघ का उद्देश्य केवल सेवा का है। इस मौके पर जिला बौद्धिक प्रमुख सतीश, जिला प्रचार प्रमुख जितेंद्र, जिला धर्म जागरण के रविंद्र नेगी, नगर सहकार्यवाह राजेश, नगर प्रचार प्रमुख राजेश जोशी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में तल्ला मोटाढाक स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला के दौरान हवन में शामिल स्वयंसेवी।

## ड्रंक एंड ड्राइविंग के चालान कम होने पर भड़के डीएम

**पौड़ी** : जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले के उपजिलाधिकारियों द्वारा ड्रंक एंड ड्राइविंग के चालान में सुस्ती पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि जिले में बड़ी संख्या में थाना और चौकियां होने के बावजूद भी ड्रंक एंड ड्राइव के कम चालान होना संतोषजनक नहीं है। बुधवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए सभी से यातायात के नियमों का पालन करवाया जाए। डीएम ने पुलिस विभाग को ड्रंक एंड ड्राइव के चलानों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोनिवि के अफसरों को सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए सड़कों पर क्रश बैरियर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, सम्भागीय परिवहन अधिकारी अनीता चंद, सीओ पुलिस गौरव सैनी, ईओ नगर पालिका परिषद पौड़ी गौरव भसीन आदि शामिल रहे।

# केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के ड्रीम प्रोजेक्ट को लगे पंख

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के प्रयासों के चलते से वर्षों से लंबित बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट से हरी झंडी मिल गई है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सांसद बनने के बाद ही इस परियोजना की न सिर्फ सक्रिय रूप से पैरवी करना शुरू किया बल्कि सदन में भी जमरानी बांध के मुद्दे को उठाया था। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भट्ट ने इसमें और तेजी दिखाई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित कई विभागों के मंत्रियों और सचिवों से लगातार प्रत्यक्ष मुलाकात कर और पत्राचार कर जमरानी बांध परियोजना की हर संभव पैरवी की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि फरवरी 2019 में जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग भारत सरकार की सलाहकार समिति द्वारा परियोजना का 2584.10 करोड़ का अनुमोदन किया गया था।



फरवरी 2022 में भारत सरकार ने बांध को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल किया गया। कहा, इस परियोजना से प्रभावितों के पुनर्वास के लिए पुनः व्यवस्थापन अधिनियम 2013 की व्यवस्था के अनुसार होगा। पुनर्वास नीति को राज्य कैबिनेट ने पहले ही मंजूरी भी दे दी है। भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी के प्रयास से योजना पर 90 फीसदी बजट केन्द्र व 10 फीसदी राज्य सरकार खर्च करेगी। केन्द्रीय राज्यमंत्री भट्ट ने जमरानी बांध परियोजना के लिए केन्द्रीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की थी। पीएम ने हल्द्वानी दौरे में बांध परियोजना के लिए आश्वासन दिया था। इसके पश्चात लगातार बैठकों के बाद आखिरकार जमरानी बहुउद्देशीय परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट से हरी झंडी मिल गई है। भट्ट ने जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट से हरी झंडी मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार जाताया है।

### कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर सक्रिय करने की जरूरत

रुद्रपुर : कांग्रेस की बैठक में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बुधवार को हुई बैठक में जिला उपाध्यक्ष मुगनी अहमद जिला व नरेंद्र बमराह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा, जिला महासचिव साहब सिंह, यूथ जिला महासचिव राजेश प्रताप का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। पूर्व प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर सक्रिय करना होगा।

नगर निकाय व लोकसभा के चुनावों के लिए अभी से जुटने की जरूरत है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से समाज का हर वर्ग त्रस्त है। जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करने की जरूरत है।

# मानसिक रोग पीड़ितों की 29 अक्टूबर को होगी जांच

बागेश्वर : मुख्य चिकित्साधिकारी डा. डीपी जोशी ने कहा कि मानसिक रोग से पीड़ित व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। दिव्यांगों को प्रमाणपत्र भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 29 अक्टूबर को कपकोट ब्लाक के कर्मी में बहुउदेशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। यहां पत्रकार वार्ता में सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क जांच की जाएगी। मानसिक और शारीरिक रूप से पीड़ित व्यक्ति शिविर का लाभ उठाएं। शिविर में जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा के मनोचिकित्सक डा. रितिका सिंह, राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के डा. युवराज पंत मानसिक रोगियों की जांच करेंगे। जबकि हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. आशिष परगई, ईएनटी सर्जन कल्पना जोशी भी शिविर में रहेंगे। उन्होंने कहा कि मानसिक बीमारियां कई तरह की होती हैं। लक्षण बीमारी के अनुसार अलग–अलग हो सकते हैं। मानसिक बीमारियों में बाइपोलर डिसआर्डर, डिमेशिया यानी मनोभ्रंश, अल्जाइमर, पार्किसन, आटिज्म, डिस्लेक्सिया, एडीएचडी, डिप्रेशन आदि शामिल हैं। किसी भी काम में मन नहीं लगना, चिड़चिड़ापन और बेचैनी, नींद से जुड़ी परेशानी, इंसान की मनोदशा में बदलाव, शरीर में ऊर्जा की कमी, खानपान की आदतों में बदलाव आदि रोगी भी लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक रोगी को उपचार के साथ अपनों का सहयोग भी जरूरी है। नियमित व्यायाम, योग, हेल्दी डाइट आदि लेने से लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज तीन फोटो लानी है। शिविर में आयुषमान और आभा कार्ड भी बनाएं जाएंगे। (एजेंसी)

### किसानों ने की गन्ना आपूर्ति पूर्ववत रखने की मांग

रुद्रपुर : शक्तिफार्म के गन्ना किसानों की बैठक में गन्ना खरीद व्यवस्था पूर्ववत रखने की मांग की गई। शक्तिफार्म के किसानों ने कहा कि शक्तिफार्म के क्रय केंद्र तिलियापुर और टैगोरनगर का गन्ना पूर्व की भांति किच्छा सप्लाई किया जाए। शक्तिफार्म के किसानों ने कहा कि वर्ष 2011-12 से गन्ना किच्छा चीनी मिल को भेज रहे हैं।

# बीडी पांडे जिला अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ के साथ मारपीट

नैनीताल : बीडी पांडे जिला अस्पताल में एक युवक ने शराब के नशे में हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान यहां ड्यूटी कर रहे पीआरडी जवान के साथ मारपीट की गई। विरोध करने पर युवक ने वहां मौजूद डॉक्टर के साथ भी मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार रात एक युवक शराब के नशे में बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचा। इस दौरान उसने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। वह अचानक आपातकालीन कक्ष में घुसा, जहां उसने डॉक्टरों के साथ ही यहां तैनात पीआरडी जवानों से अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर वह गाली–गलौज करने लगा। आरोप है कि युवक ने पीआरडी जवान, डॉक्टर व अन्य स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट शुरू कर दी। युवक ने यहां मौजूद सभी को जान से मारने की धमकी भी दी। इस बीच अस्पताल प्रबंधन की ओर से पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत किया। पुलिस आरोपी युवक को कोतवाली ले गई। अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत ओली की शिकायत पर आरोपी रमोरल कंपाउंड मल्लीताल निवासी बसंत सिंह देव के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

### सरयू पुल पर लगा जाम

बागेश्वर : नगर में जाम की समस्या दूर होने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार की सुबह से सरयू पुल व गोमती पुल पर जाम लग गया। सरयू पुल पर आधे घंटे तक जाम में वाहन फंसे रहे। बाद में यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। लोगों ने पुलिस से जाम पर नियंत्रण लगाने की मांग की है। (एजेंसी)

### बीए चतुर्थ सेमेस्टर में प्रेरणा व षष्टम में महिमा रही अव्वल

रुद्रपुर : श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता साहिब में बीए चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। बीए चतुर्थ सेमेस्टर में प्रेरणा राना ने 79.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, कमला भट्ट ने 78.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, नेहा चंद ने 76.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए षष्टम सेमेस्टर में महिमा कन्नौजिया ने 80.06 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, समीर सिंह ने 75.3 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व इंद्रा ने 74.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# नगर से लेकर गांव तक पानी का संकट, लोग परेशान

बागेश्वर : नगर समेत जिले के ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों फिर पानी का संकट गहरा गया है। नगर के मजियाखेत, कफलखेत था सैंज पेयजल संकटग्रस्त इलाका हो गया है, जबकि बैकोड़ी गांव से बनी पेयजल योजना से दो गांवों को पानी नहीं मिल रहा है। इस कारण लोग परेशान हैं। मालूम हो कि नगर में रोजाना दस से 15 नये मकान बन रहे हैं। इस कारण योजना सभी की प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं। आलम यह है कि मंडलसेरा व जीतनगर के लोगों को पानी के नये कनेक्शन नहीं मिल पा रहे हैं। वहां रह रहे लोग हैंडपंप व स्रोतों पर निर्भर हैं। इधर स्रोतों में भी पानी कम होने लगा है। मंडलसेरा, जीतनगर, कफलखेत, मजियाखेत तथा



तहसील मार्ग पेयजल संकटग्रस्त क्षेत्र है। यहां के लोग कई बार जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन भी कर चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी है। साढ़े पांच एमएलडी के बजाए लोगों को साढ़े तीन एमएलडी पानी मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में वह भी नहीं मिल रहा है। बैकोड़ी के लिए पचार व किड़ई गांव के लिए करोड़ों रुपये खर्च करके पानी की योजना बनी, लेकिन योजना लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रही है। पांच दिन से योजना से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। लोगों ने इस बात की जानकारी विभाग को भी दे दी है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। बागेश्वर के लोगों ने जल संस्थान से वितरण प्रणाली में सुधार की मांग की है। इधर जल संस्थान के ईई सीएस देवड़ी ने बताया कि स्रोतों में पानी के चलते ग्रेविटी वाली योजनाओं में दिक्कत है। रोस्टर के हिसाब से पानी बांटा जा रहा है। अधिक संकट वाले क्षेत्रों में मांग के अनुसार टैंकर भेजा जा रहा है। (एजेंसी)

# सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़ : सीमांत में सस्ता गल्ला विक्रेताओं का धरना 25वें दिन भी जारी रहा। वक्ताओं ने मानदेय समेत पुराने बिलों के भुगतान को लेकर शासनस्तर से कोई सकारात्मक पहल नहीं होने पर नाराजगी जताई। बुधवार को नगर के टकाना स्थत धरना स्थल में अध्यक्ष मनोज पांडेय के नेतृत्व में विक्रेता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।



वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से विक्रेताओं को मानदेय दिए जाने को लेकर समिति संघर्षरत है। अब तक उन्हें राहत नहीं मिली है। हर बार सरकार की ओर से उन्हें केवल झूठा आश्वासन नहीं मिला है। इसके अलावा कोरोना काल में संक्रमण के खतरे के बावजूद विक्रेताओं ने जान की परवाह किए बगैर उपभोक्ताओं को राशन बांटा। संक्रमण की चपेट में आकर कई विक्रेताओं को अपनी जान तक गंवानी पड़ी, लेकिन अब तक सरकारी तंत्र ने मुआवजा राशि तक नहीं दी है। कहा कि शासन-प्रशासन की इस अनदेखी से वह आहत हैं। इस मौके पर कैलाश चंद्र जोशी, ललित सिंह महर, कैलाश उप्रेती, भागीरथी बिष्ट, अनिल जोशी, संतोष पंत, कैलाश पुनेठा, कमला टम्टा, भूपाल कापड़ी, लक्ष्मण गिरी, गोविंद तरागी, भवानी देवी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### स्वास्थ्य विभाग पर अनदेखी करने का आरोप लगाया

हल्द्वानी। मालधन की महिला एकता मंच की सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सीएम कार्यालय के आदेश के बाद भी मालधन में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया नहीं की गई है। बुधवार को रानीखेत रोड स्थित रेस्टोरेंट में मंच की पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि 12 अक्तूबर को मालधन के लोगों की मांग पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने मालधन सामुदायक केंद्र में चिकित्सकों की तैनाती, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड आदि की व्यवस्था करने के आदेश दिए थे। आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग मालधन के लोगों को सुविधा देने को तैयार नहीं है।

# महिला कॉलेज में एनएसयूआई से आस्था लड़ेंगी अध्यक्ष का चुनाव

हल्द्वानी। सात नवंबर को होने जा रहे छात्रसंघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई के एमबीपीजी और महिला डिग्री कॉलेज में अधिकृत प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। एमबीपीजी में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर सुजल सचिन को चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि महिला डिग्री कॉलेज में आस्था तेजवानी को अध्यक्ष पद का टिकट दिया गया है। नामों की घोषणा करते हुए हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने स्पष्ट किया कि एमबीपीजी में सुजल सचिन को विवि प्रतिनिधि पद देने के पीछे का मकसद कुमाऊं विवि छात्र महासंघ अध्यक्ष पद पर कब्जा करना है। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने बुधवार को अपने आवास पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसके बाद उन्होंने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि एनएसयूआई इस बार महिला डिग्री कॉलेज में पूरे पैनल को चुनाव लड़ाएगी। जिसमें मानसी प्रकाश को सचिव, ज्योति पडियार को सांस्कृतिक सचिव, टीना कांडपाल को उपसचिव, शैल खनायत को कोषाध्यक्ष और हिमानी धामी को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए सभी से छात्रसंघ चुनाव में संगठन को जीत दिलाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। संचालन यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने किया। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने उत्तराखंड प्रभारी अक्षय लाकड़ा की संस्तुति पर दोनों कॉलेजों में प्रत्याशियों के नाम फाइनल किए गए। इस मौके पर जिला महामंत्री मलय बिष्ट, हेमंत बगड्वाल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष भुवन पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष विशाल भोजक, प्रदीप नेगी, हेमंत साहू, दिग्विजय सिंह चौहान, मीमांशा आर्य, जूही चुफाल, ज्योति आर्य, लाल सिंह पवार, कोमल जायसवाल, अमित रावत, गुड्डू सम्मल, मयंक गुप्ता, हर्षित जोशी, करन अरोड़ा, अमन गुप्ता, सोनू कसार आदि रहे।

# घर छोड़कर निकले 2 नाबालिग बच्चे काठगोदाम से सकुशल बरामद



अल्मोड़ा। घर छोड़कर निकले 02 गुमशुदा बच्चों को द्वाराहाट पुलिस ने काठगोदाम से बरामद किया है। बीते मंगलवार को द्वाराहाट निवासी एक व्यक्ति ने थाना द्वाराहाट में सूचना दी कि उसका 11 वर्षीय पुत्र व भतीजा (13 वर्ष) सुबह 07 बजे के लगभग घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं। जिनकी हमने काफी ढूंढ खोज कर ली है लेकिन कुछ पता नही चल पा रहा है, घर पर सभी परिजन काफी परेशान है। मामला नाबालिग बच्चों की गुमशुदगी का होने पर थाना द्वाराहाट में तत्काल एफआईआर पंजीकृत की गई। मामला बच्चों की गुमशुदगी से जुड़ा होने पर गंभीरता व संवेदनशीलता के दृष्टिगत एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना द्वाराहाट को शीघ्र बच्चों की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना द्वाराहाट राजेश कुमार यादव द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया।

गुमशुदा नाबालिग बच्चों की तलाश हेतु पुलिस टीमों द्वारा जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन करने पर एक स्थान पर दोनों बच्चे पैदल जाते हुए दिखाई दिये।

### नैनीताल पालिका में अनियमित्ताओं की जांच शुरू

नैनीताल : नगर पालिका परिषद नैनीताल में अनियमितताओं पर कमेटी ने बुधवार से जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। हाईकोर्ट के निर्देशों के क्रम में शासन से पहुंची तीन सदस्यों टीम ने बुधवार को यहां गहनता से दस्तावेज खंगाले और दिनभर कर्मचारियों से भी पूछताछ की। बता दें कि बीते दिनों हाईकोर्ट ने नंदा देवी महोत्सव को लेकर हुए टेंडर और 35 दिनों तक डीएसए मैदान में बुकफेयर के नाम पर झूले संचालित करने के मामले में अहम फैसला दिया था। अदालत ने पालिकाध्यक्ष की प्रशासनिक व वित्तीय शक्ति सीज करने के साथ ही ईओ को निलंबित कर दिया था। साथ ही मामले की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए थे। जबकि शासन को भी अपने स्तर पर कमेटी गठित कर जांच के लिए निर्देशित किया था।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा को दिखाई हरी झंडी

अल्मोड़ा। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के सभी 11 विकासखंडों की ग्राम पंचायतों एवं सभी नगर निकायों से मिट्टी एकत्रित की गई। इस मिट्टी को विकासखंडवार तथा निकाय वार कलश में भरकर आज अल्मोड़ा लाई गई। पीआरडी स्वयं सेवकों के माध्यम से इस मिट्टी को देहरादून तथा उसके बाद दिल्ली ले जाया जाएगा। जनपद से एकत्रित हुई इस मिट्टी की कलश यात्रा को आज सांसद अजय टम्टा एवं जिलाधिकारी विनीत तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी पीआरडी स्वयं सेवकों को देहरादून हेतु प्रस्थान की शुभकामनाएं दी। इन सभी स्वयं सेवकों को सांसद अजय टम्टा ने



उत्तराखंड के पारंपरिक वस्त्र भी दिए। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि 11 ब्लॉक एवं 5 नगर निकायों समेत कुल 16 कलश में मिट्टी एकत्रित कर कलश तैयार किए गए तथा इन कलशों के साथ पीआरडी जवानों को देहरादून भेजा गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे समेत अन्य उपस्थित रहे।

# 26 अक्टूबर से कुमाऊँ महोत्सव का आगाज़

अल्मोड़ा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में कुमाऊं महोत्सव 2023 का बृहस्पतिवार 26 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में होंगे। यह कार्यक्रम 26 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक चलेंगे। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर 26 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सांस्कृतिक झांकी का आयोजन होगा, जिसके तहत विभिन्न स्कूलों की झांकियां शहर में निकलेंगी। वहीं कुमाऊं महोत्सव के शुभारम्भ में साइकिल रैली एवं मैराथन दौड़ का भी आयोजन होगा। सायं सायं 4 बजे ओपन माइक प्रतियोगिता। सायं



6:00 बजे बच्चों की शंखनाद प्रतियोगिता तथा 6:15 से विभिन्न विद्यालय विद्यालयों की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता होगी। 27 अक्टूबर को ओपन माइक प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल होगा तथा इसी दिन स्टार नाइट भी होगी।

### कोसी नदी में गिरा पुल पर बैठा युवक

नैनीताल : काकड़ीघाट में पुल पर बैठा एक युवक अचनाक कोसी नदी में जा गिरा। युवक की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और सूचना खैरना पुलिस चौकी को दी। स्थानीय लोगों ने युवक को नदी से बाहर निकाला। हादसे में घायल हुए युवक की पहचान रवि निवासी गरमानी के रूप में हुई। चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार ने बताया कि घायल को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। (एजेंसी)

## वाहन दुर्घटनाग्रस्त, हादसा टला

बागेश्वर : आरे-द्यांगण बाइपास पर एक डीसीएम माल वाहक बैक करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चालक और परिचालक घटना में बालबाल बच गए। वाहन कोल्ड ड्रिंग से लदा हुआ था। खराब सड़क और गड्ढों के कारण सड़क पर आए दिन घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने शीघ्र सड़क के गड्ढे भरने और चौड़ीकरण की मांग तेज कर दी है। आरे-द्यांगण बाइपास मोटर मार्ग पर माल वाहक संख्या यूके06सीबी-5671 बैक करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही वाहन आधा सड़क और आधा खाई में लटक गया। जिससे चालक रंजीत सिंह और परिचालक पवन को खरोंच तक नहीं आई। जिससे बड़ी घटना टल गई है। वाहन मंडलसेरा बाइपास से होकर कठायतबाड़ा की तरफ जा रहा था। चालक ने आरे चेक पोस्ट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय निवासी आईडी पांडे, शंकर पांडे, प्रेम सिंह हरड़िया, गीता जोशी आदि ने आरे-द्यांगण बाइपास के गड्ढे भरने और चौड़ीकरण करने की मांग की है। इधर, कोतवाल केएस नेगी ने कहा कि घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया। बैक करते समय हादसा हुआ है। जांच की जा रही है। (एजेंसी)

### सजावटी मोमबत्ती बनाने के सीखें गुर

नैनीताल : चेष्टा संस्था की ओर से बोलुवाखान ज्योलीकोट में 12 दिवसीय सजावटी मोमबत्ती प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर महिलाओं को प्रमाण पत्र बांटे गए। साथ ही बाजार की जानकारी भी दी गई।

चेष्टा संस्था की समन्वयक सुमन अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के उद्देश्य से 12 दिवसीय सजावटी मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

# विशेषज्ञ हेल्थ मेले में 181 लोगों ने कराई जांच



जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में चल रहे आयुष्मान भवः अभियान के तहत बुधवार को सीएचसी जखोली में आयोजित विशेषज्ञ हेल्थ मेले में 181 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जबकि 46 ग्रामीणों का एक्स-रे व 24 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड सेवा प्रदान की गई। वहीं, सीएचसी अगस्त्यमुनि में भी आगामी 27 अक्टूबर को विशेषज्ञ हेल्थ मेले का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह भंडारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल गुसाईं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जखोली में विशेषज्ञ हेल्थ मेले का शुभारंभ किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग के विशेषज्ञ चिकित्सक दल द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए 181 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर 24 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड व 46 ग्रामीणों का एक्स-रे भी किया गया। साथ ही 05 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड व 04 ग्रामीणों की आभा आईडी बनाई गई। उन्होंने बताया कि मेले में पहुंचे अधिकांश लोंगों द्वारा आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि आगामी 27 अक्टूबर को सीएचसी अगस्त्यमुनि में विशेषज्ञ हेल्थ मेला प्रस्तावित किया गया है, जिसमें जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने अगस्त्यमुनि क्षेत्र के वाशिंदों से विशेषज्ञ हेल्थ मेलों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। विशेषज्ञ चिकित्सक दल में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज बडोनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित अंब, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र चैहान, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमानी, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. तस्दीक खान, सोनोलॉजिस्ट डॉ. राजीव चैधरी, डॉ. दीपाली नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### नल से पानी के साथ निकला सांप, उपभोक्ताओं में रोष

चमोली : बदरीनाथ हाईवे से जुड़े लंगासू कस्बे में पानी के नल से सांप निकलने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार मांग के बाद भी विभाग पेयजल टेंकों पर फिल्टर की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। लंगासू के गंगाधर मैखुरी ने बताया कि मंगलवार से बस्ती के छह कनेक्शनों पर पानी नहीं आ रहा था। जिस पर बुधवार सुबह को फीटरों को बुलाया गया। जब घरेलू कनेक्शनों को जोड़ने वाली मुख्य लाइन को खोला गया तो वहां सांप निकला।

लाइन पर सांप निकलने से लंगासू के उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष कैलाश खंडूड़ी, ताजवर नेगी, गंगाधर मैखुरी सहित आस पास के तमाम उपभोक्ताओं ने जल संस्थान पर आरोप लगाए कि लगातार मांग के बावजूद टेंकों पर न तो फिल्टर लगाए गए हैं और ना ही टेंकों को उचित सफाई होती है। जिससे लोग बरसात में मिट्टी युक्त पानी पीते हैं और अब नलों से सांप निकल रहे हैं। उपभोक्ताओं ने जलसंस्थान के कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज करते कार्रवाई और टेंकों, स्रोतों की सफाई की मांग की।

# श्रीराम राज्याभिषेक के साथ रामलीला सम्पन्न

उत्तरकाशी : शहर के रामलीला मैदान में पिछले 14 दिनों से चली आ रही पौराणिक रामलीला का श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला समिति उत्तरकाशी की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर राम-सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी निकाली गई।

शहर के रामलीला मैदान में बीते नौ अक्तूबर से गढ़वाली बोली में पौराणिक रामलीला का आयोजन शुरू हुआ था। मंगलवार को विजयदशमी के मौके पर श्रीराम ने रावण वध कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। विजयदशमी पर रावण वध के पश्चात बुधवार को श्रीराम का राजतिलक हुआ। इस अवसर पर शहर के हनुमान चौक, बस अड्डा, भटवाड़ी रोड़, विश्वनाथ चौक होते हुए रामलीला मैदान तक श्रीराम की झांकी निकाली गई। दर्शकों के बीच झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर मेधावी छात्र सम्मान के तहत हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के टॉपर छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दीपक भट्ट, महेंद्र पंवार, गंगा पण्डित बिजल्वाण, अजय मखलोगा, अजय पंवार, संतोष नौटियाल, गौरव चौहान, ईशांत पंवार, आदर्श रावत, मनोज बिष्ट, गर्वित उप्पल, सुदेश व्यास, समिति के मुख्य संरक्षक उमेश प्रसाद बहुगुणा, सुभाष सोनी, प्रेम सिंह पंवार, रमेश चौहान, मुख्य उद्घोषक जयेन्द्र सिंह पंवार, अध्यक्ष गजेंद्र सिंह मटूड़ा, डॉ. तस्दीक खान, विजय प्रकाश भट्ट, अरविंद सिंह राणा आदि थे। (एजेंसी)

### पुलिस ने गुमशुदा बुजुर्ग को ग्रामीणों को सौंपा

नई टिहरी : टिहरी के चंबा ऋषिकेश सड़क स्थित नागनी पुलिस चौकी के नागनी कस्बे बीते मंगलवार देर सांय पुलिस जवान और होमगार्ड गस्त कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें एक बुजुर्ग महिला लावारिस अवस्था में घूमते मिली। पूछताछ में बुजुर्ग अपने नाम के अलावा कुछ नहीं बता पाई। पुलिस ने मीडिया पुलिस ग्रुप सहित अन्य सोशल साइट पर बुजुर्ग की फोटो प्रसारित की, जिसके बाद लोगों ने बुजुर्ग के बारे में पुलिस को जानकारी दी। हेड कांस्टेबल राजेश वर्मा ने बताया कि पूछताछ में बुजुर्ग ने अपना नाम चंद्रा बताया। सोशल साइड पर पुलिस को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उक्त महिला का नाम चंद्रकला देवी पत्नी स्व. कालादास निवासी ग्राम पंगारखाल थाना टिहरी की रहने वाली बताया।

# हरिद्वार से भारत की 21 हजार किमी. की पदयात्रा का शुभारंभ

हरिद्वार(आरएनएस)। दक्ष मंदिर कनखल हरिद्वार से अखंड हरिनाम संकीर्तन सहित संपूर्ण भारत की 21000 किमी की पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। पदयात्रा के दौरान रोजाना विश्राम स्थल पर नित्य पूजन, सत्संग, प्रवचन आदि होंगे। साथ ही पदयात्रा के दौरान संत हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे का उच्चारण करेंगे। बुधवार को श्रीयंत्र मंदिर कनखल में निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती की अध्यक्षता में पदयात्रा शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान पदयात्रा सत्संकल्पकर्ता स्वामी निर्मल चैतन्य पुरी और स्वामी राजेंद्र पुरी ने अखंड हरिनाम संकीर्तन सहित संपूर्ण भारत की 21000 किमी की पदयात्रा को लेकर संतों का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी, पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती, महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, स्वामी ध्रुव चैतन्य सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य, महामंडलेश्वर स्वामी विशेश्वरानंद, स्वामी देवमूर्त्यानंद, स्वामी विज्ञानानंद, डॉ. चन्द्र भूषण मिश्र, स्वामी अवतार पुरी, मान पदम, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, इंदौर मुकेश नेमा, विष्णु तिवारी, पंडित सुनील पुरोहित, आचार्या मीनाक्षी कोठारी, सुभाष चंद्र सकलानी, संजय मिश्रा, मांगी लाल त्रिवेदी, केशर सिंह सिसोदिया, अर्पित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने वारंट के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि वांछित चल रहे देवबंद के मोहल्ला कौला निवासी वारंटी नसीम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक नीरज रावत और सिपाही कुंवर सिंह मौजूद थे।

### राइंकॉ शंकरपुर के छात्रों को दी नशे से दूर रहने की सीख

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उत्तराखंड यूथ क्लब ने राजकीय इंटर कॉलेज शंकरपुर में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की सीख दी। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटका, अफीम, कोकीन आदि नशीली चीजों से होने वाले नुकसान के बारे में बताया।

संस्था के प्रदेश प्रभारी उमाशंकर बिष्ट ने कहा कि नशे को ना और जिंदगी को हां कहना भी एक देशभक्ति है। नशे के सेवन से शरीर, आत्मा, पैसा, प्रतिष्ठा व चरित्र तीनों का नाश होता है। हर नागरिक को इस जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए कि हमारा देश, समाज व परिवार सदैव नशामुक्त रहे। प्रभारी प्रधानाचार्य डा. हाकिम सिंह ने संस्था के पदाधिकारियों का आभार जताया। इस मौके पर बीएन शर्मा, डा. नारायण अग्रवाल, संतोष कुमार तिवारी, आरसी शर्मा, अभिनंदन अमोली, संतोष सिंह महर, एनसी सोराड़ी, नीलम जोशी, अनिल सुंद्रियाल, हेमंत यादव आदि मौजूद थे।

# लोनिवि ने निर्माणाधीन बस अड्डे पर कार्यक्रमों के आयोजन पर लगाई रोक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पौड़ी के निर्माणाधीन बस अड्डे पर अब किसी भी तरह के कार्यक्रमों के आयोजन पर कार्यदायी संस्था लोनिवि ने रोक लगा दी है।

कार्यदायी संस्था लोनिवि ने इस संबंध में नगर पालिका को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि निर्माण कार्य पूरा होने और नगर पालिका को हैंडओवर होने के बाद ही यहां किसी भी तरह के कार्यक्रम आयोजित हो पायेगें।

नगर पालिका ने बीती 17 अक्तूबर को भी यहां एक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अनुमति मांगी थी, लेकिन पालिका ने यहां अनुमति की शर्तों का पालन नहीं किया तो कार्यदायी संस्था ने अपनी अनुमति को भी वापस लेना पड़ा था। अब बाकायदा कार्यदायी संस्था ने इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पौड़ी को एक पत्र दिया है जिसमें कहा गया कि जब तक बस अड्डे का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता है और बस अड्डा पालिका को हैंडओवर नहीं होता है तब तक यहां किसी तरह के कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सकेंगे। इस संबंध में किसी भी प्रकार के कार्यक्रम की अनुमति देनी संभव नहीं होगी। बताया गया कि बीती 17 अक्टूबर को नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन बस अडडे पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए लोनिवि प्रांतीय खंड से अनुमति मांगी गई थी। इस पर अनुमति भी दी गई। पालिका की ओर से आयोजन के लिए निर्माणाधीन बस अड्डे में रैन बसेरे के ऊपर मंच बनाया गया था। निर्माणाधीन बस अड्डे की छत पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्णय पर तब सवाल भी उठे थे और इसे सुरक्षा के लिहाज से उचित नहीं माना गया था। लोनिवि प्रांतीय खंड ने बस अडडे का निर्माण कार्य प्रगति पर होने और सुरक्षा मानकों के मद्देनजर अनुमित को निरस्त किया था। अब ईई लोनिवि दिनेश कुमार ने नगर पालिका पौड़ी के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजा है। जिसमें निमार्णाधीन बस अड्डे का निर्माण कार्य पूर्ण होने और पालिका को हस्तान्तरित होने तक बस अड्डे पर किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति के लिए मनाही कर दी गई है। उधर, ईओ पालिका गौरव भसीन ने पत्र की पुष्टि की और कहा कि अब बस अड्डे का निर्माण पूरा होने ही वाला है।

# गढ़वाल विवि में दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि श्रीनगर के दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। नवंबर पहले सप्ताह के बाद दीक्षांत समारोह होना प्रस्तावित है।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को विवि प्रशासन की ओर से आमंत्रण दिया गया है। समारोह में राष्ट्रपति के आने की पूरी संभावनाओं को देखते हुए विवि द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। अभी समारोह के आयोजन की तिथि को लेकर अंतिम रूप से घोषणा नहीं हुई है।

बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति का नवंबर प्रथम सप्ताह में उत्तराखंड का दौरा प्रस्तावित है। विवि की ओर से भी दीक्षांत समारोह के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रण गया हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि 7 नवंबर से 10 नवंबर के बीच दीक्षांत समारोह की तिथि फाइनल हो सकती है। समारोह में राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बताया जा रहा कि जल्द ही इसके लिए विशेष सुरक्षा दल व्यवस्थाओं का जायजा लेने श्रीनगर पहुंचेगा। सुरक्षा टीम के निरीक्षण के बाद ही समारोह की तिथि अंतिम रूप से तय की जाएंगी। दीक्षांत समारोह के कोर्डिनेटर प्रो. वाईपी रैवानी ने बताया कि समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। सभी समीतियां पूर्व में ही बनी हुई है। जल्द ही समारोह की तिथि घोषित कर दी जाएगी। (एजेंसी)

# चार दिवसीय पक्षी महोत्सव 16 नवंबर से

नई टिहरी : मसूरी वन प्रभाग की देवलसारी रेंज में पहली बार नवंबर माह में चार दिवसीय पक्षी महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। देवलसारी में पक्षियों के साथ विभिन्न प्रकार की तितलियों की प्रजातियां भी मौजूद हैं।जौनपुर ब्लॉक के चंबा थत्यूड़ सड़क मार्ग से सटे देवलसारी के जंगलों में आगामी 16 से 19 नवबंर तक चार दिवसीय पक्षी महोत्सव का आयोजन किया जाऐगा। देवलसारी पर्यावरण संरक्षण एवं विकास संस्थान के निदेशक अरुण गौड़ ने बताया कि महोत्सव में पक्षी प्रेमी, प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद्, फोटोग्राफरों के साथ स्थानीय छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। पक्षी महोत्सव में आने वाले लोगों को और पर्यटकों को पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही छात्रों को पैदल ट्रेकिंग भी करवाई जाऐगी। बताया कि बीते मई और जून माह में देवलसारी में तितली महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या पर्यटकों के साथ प्रकृति प्रेमियों ने प्रतिभाग किया था। संस्थान के निदेशक ने बताया कि देवलसारी क्षेत्र में हिमालयन प्रोनिया, यलो ब्रेस्टेड, हिमालयन गिप्रिन, ग्रीनपिच, लोंगटेल, मिनिविटि, ब्लैक फैगुलेन, हिमालयन ब्लैक लोर्ड टिट, लार्ज विल्ड क्रो, ब्राउन हुड आन, लाग टेल सहित विभिन्न पक्षियों की प्रजातियां मौजूद है।

### मौर्य की संतों पर टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन

हरिद्वार। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की संत-महंतों को लेकर टिप्पणी के खिलाफ अखिल भारतीय सनातन परिषद ने प्रदर्शन किया। परिषद के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन भेजा। परिषद के महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा संतों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने से समस्त सनातनियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उपाध्यक्ष पंडित अविक्षित रमन ने कहा कि संत समाज, सनातन और मंदिरों पर टिप्पणी करने पर स्वामी प्रसाद का बहिष्कार किया जाना चाहिए।

# डीएम की पत्नी ने गुनोगी आंगनवाड़ी केंद्र का लिया जायजा

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित की पत्नी प्रज्ञा दीक्षित ने बुधवार को चंबा ब्लॉक के गुनोगी आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर किशोरियों और महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किये। उन्होंने कहा कि पीडियड्स के दौरान किसी प्रकार की शर्म नहीं करनी चाहिए, यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। ऐसे समय पर सैनिटरी पैड चेंज करने के साथ साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।प्रज्ञा दीक्षित ने महिलाओं को आहर में आयरन और विटामीन सी को जरुर शामिल करने, हिमोग्लोबिन की नियमित जांच करवाने के साथ अपने पोषण आहार के प्रति सजग रहने को कहा। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में मेरी सहेली सैनेटरी नैपकिन पैड वैडिंग मशीन, पोषण वाटिका, जल जीवन मिशन योजना के तहत आंगनवाड़ी में थ्री टैप कनेक्शन, शौचालय, झूले आदि का भी निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने गांव में अलीसा की गोद भराई कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। राप्रावि गुनोगी में कक्षा कक्षों, पुस्तकालय, किचन, कम्पोस्ट पिट आदि का निरीक्षण कर छात्रों से वार्ता भी की। इस मौके पर ग्राम प्रधान गुनोगी सुनीता थपलियाल, एडीआईओ सूचना भजनी भंडारी, सीडीपीओ ममता लेखवार, मंगला थपलियाल, सीमा देवी, भागीरथी देवी, कविता देवी सहित कई महिलायें उपस्थित थी। (एजेंसी)

### साजिश करने वाले चार गिरफ्तार

हरिद्वार। शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की साजिश रचते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से कटर ब्लेड बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर भावना कैंथोला ने बताया कि शिवपुल के पास से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम राहुल निवासी वेस्ट करावल नगर सवारपुर दिल्ली, राहुल निवासी करावलनगर थाना करावल अंबिका विहार दिल्ली, पवन कुमार निवासी अंबिका विहार करावलनगर उत्तर पूर्वी शिव विहार दिल्ली और गौरव निवासी शिवविहार करावलनगर उत्तरपूर्वी दिल्ली बताया है।

# फर्जी चंदा वसूली के लिए एसपी देहात कार्यालय पहुंचे दो लोग

रुड़की। एसपी देहात के कार्यालय में भगवती जागरण के नाम पर फर्जी रसीदें काट रहे दो ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह फर्जी रसीदें काटकर अवैध वसूली कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मुजफ्फरनगर निवासी दो व्यक्ति बुधवार को एसपी देहात कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र में विशाल जागरण होना है। इसके लिए वह चंदा जुटाने के लिए कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस कर्मियों से जागरण के लिए चंदा मांगा। चंदे की रसीद देखकर पुलिस कर्मियों को कुछ गड़बड़ी का अंदेशा हुआ, क्योंकि उसमें कोई तारीख और नाम पता सही नहीं था।

### रामलीला मंचन शुरू

नई टिहरी : जौनपुर के थत्यूड में बुधवार से रामलीला का मंचन शुरू हो गया है। थत्यूड़ में विगत कई वर्षों से रामलीला समिति रामलीला का मंचन करती आ रही है।

पहले दिन रामलीला मंचन में श्रीराम और सीता के जन्म का मंचन हुआ। 14 दिवसीय रामलीला के शुभारंभ पर व्यापार मंडल अध्यक्ष थत्यूड अकवीर पंवार मुख्य अतिथि होंगे।

रामलीला समिति अध्यक्ष गजेन्द्र असवाल ने बताया कि रामलीला का मंचन सोशल साइड पर भी लाइव प्रसारित किया जाऐगा। इस मौके पर रामलीला समिति सचिव सुनील सजवाण, मुनिम प्रधान, कमल किशोर नौटियाल, रामप्रकाश भट्ट, प्रवीन पंवार, गुरु प्रसाद, हरिलाल, संदीप शाह आदि उपस्थित रहेंगे। (एजेंसी)

# राइंका हिंडोलाखाल में 46 सालों से राजनीतिक विज्ञान शिक्षक का पद रिक्त

नई टिहरी : स्वतंत्रता सेनानी वचन सिंह चौहान राइंका, हिंडोलाखाल में पिछले 46 वर्षों से छात्र-छात्राएं राजनीति विज्ञान पढ़ने से वंचित हैं। कला वर्ग का महत्वपूर्ण विषय होने के बाबजूद शिक्षा विभाग की ओर से कॉलेज में राजनीति विज्ञान का पद ही सृजित नहीं किया गया है।

पीटीए अध्यक्ष रुकम सिंह बिष्ट के अनुसार, कई छात्र छात्राएं प्रतियोगिता परीक्षा की दृष्टि से राजनीति विज्ञान लेने के इच्छुक रहते हैं। उन्हें विवश होकर दूसरे कॉलेजो में प्रवेश लेना पड़ता है। कॉलेज में 320 तक छात्र-छात्राएं होने के बाबजूद सरकार की ओर से राजनीति विज्ञान का पद सृजित नहीं किया जाने से अभिभावकों में लगातार रोष बना रहा हैं। पीटीए अध्यक्ष ने बताया कि, इस बाबत उनके द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल में भी शिकायत की गयी थी। जिसमें सीएम कार्यालय से वित्तीय कमी के कारण राइंका हिंडोलाखाल में पद सृजित नहीं होने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि, कॉलेज में राजनीति विज्ञान विषय तो दिया गया है मगर पद सृजित नही होने से इसको पढ़ाने वालावाला कोई नही है। ऐसे में इस पद को हटा ही देना उचित होगा। उधर बीईओ श्रीकांत पुरोहित का कहना है कि, इस सबंध में विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर निर्णय होना बाकी है। (एजेंसी)


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबादः द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेंडर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है निविदा की किमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या | 207-DRM-MB-23-24 Date 20.10.2023 | 208-DRM-MB-23-24 Date 20.10.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of cold weather patrol man companion for night inspection of track in the section of \ ADEN/I/HRI. | Provision of cold weather patrol man companion for night insrecticn of track in section of .ADEN/II/I-RI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 06.11.2023 16:00 | 06.11.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 39,79,166.88 | 39,61,161.60 |
| धरोहर राशि | 79,600.00 | 79,200.00 |
| टेन्डर डी0ओ0सी0राशि | 3,000.00 | 3,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 23.10.2023 | 23.10.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह |

टेन्डर न.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 20.10.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3290/23


# खड़ दीया के लिए 100 दंपत्तियों ने कराया पंजीकरण

श्रीनगर गढ़वाल : सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव मंदिर में बैकुंठ चतुर्दशी पर्व पर 25 नवंबर को गोधुली बेला पर संतान प्राप्ति की कामना को लेकर परंपरानुसार विधि विधान से खड़ दीया पूजन शुरू होगा। खड़ दीया पूजन में अभी तक 100 से अधिक दंपत्तियों ने अनुष्ठान के लिए पंजीकरण करा दिया है। जबकि अभी पंजीकरण जारी हैं। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

कमलेश्वर मंदिर के मंहत आशुतोष पुरी महाराज ने बताया कि 20 नवंबर की दोपहर तक खड़ दीया पूजन में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि खड़ दीया व्रत के लिए अभी तक विभिन्न प्रदेशों से 100 से अधिक दंपतियों ने अपना पंजीकरण करा दिया है।

उन्होंने बताया कि पंजीकरण कराने वालों में बेंगलुरू, मध्य प्रदेश, भोपाल, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों की निसंतान दंपति शामिल हैं। कहा इस वर्ष मंदिर में संतान की कामना को लेकर खड़ दीया पूजन में अमेरिका में रहने वाली एक भारतीय दंपति ने भी पंजीकरण कराया है।

### लंढौरा में बुखार से महिला की मौत

रुड़की। जैनपुर झंझेड़ी में बुखार से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। इस गांव में आठ दिन के भीतर बुखार से तीन लोगों की जान जा चुकी है। जैनपुर झंझेड़ी निवासी सलीम की पत्नी को पांच दिन से बुखार आ रहा था। दो दिन पहले उसे रुड़की के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### टीएचडीसी इंडिया और आईआईटी रुड़की में करार

रुड़की। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और आईआईटी, रुड़की कई मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थान विज्ञान, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए एक सहयोगात्मक यात्रा शुरू करने के लिए एक साथ आए हैं। समझौता ज्ञापन पर टीएचडीसीआईएल के प्रमुख (आरएंडडी) एसके चौहान एवं आईआईटी के प्रोफेसर अक्षय द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए। बुधवार को दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने आईआईटी परिसर में ऊर्जा संरक्षण, ली–आयन स्टोरेज बैटरी के विकल्प, इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के लिए नैनो प्रौद्योगिकी, ग्रीन हाइड्रोजन, भू–तापीय प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण, जल प्रबंधन तथा संरक्षण, भंवर प्रेरित कंपन, सुरंग बनाने की तकनीक, जैव ईंधन, ग्रिड स्थिरता में सुधार और विभिन्न अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में काम करने को लेकर सहयोग पत्र पर हस्ताक्षर किए।

# बिजली के तार चुराने के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

रुड़की। पुलिस ने एलटी लाइन से बिजली का तार चुराने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

इस दौरान मौके से एक आरोपी फरार हो गया। थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि मई, सितंबर और अक्टूबर में ऊर्जा निगम की एलटी लाइन से कई जगहों पर तार काटकर चोरी कर लिया गया था। इस मामले में जेई दिनेश कुमार तथा संजीव कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। चोरों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम बनाई गई थी। बताया कि सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मानकपुर आदमपुर मार्ग पर एक छोटे हाथी को रुकवाया। पुलिस को देखते ही छोटा हाथी से एक युवक भाग गया जबकि पुलिस ने चालक सहित दो लोगों को पकड़ लिया।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबादः द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेंडर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है निविदा की किमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या | 207-DRM-MB-23-24 Date 20.10.2023 | 208-DRM-MB-23-24 Date 20.10.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of cold weather patrol man companion for night inspection of track in the section of \ ADEN/I/HRI. | Provision of cold weather patrol man companion for night insrecticn of track in section of .ADEN/II/I-RI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 06.11.2023 16:00 | 06.11.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 39,79,166.88 | 39,61,161.60 |
| धरोहर राशि | 79,600.00 | 79,200.00 |
| टेन्डर डी0ओ0सी0राशि | 3,000.00 | 3,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 23.10.2023 | 23.10.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह |

टेन्डर न.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 20.10.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3290/23

सम्पादकीय

## छवि सुधारने की जरूरत

किसी भी सुरक्षित समाज के लिए उसे प्रदेश की पुलिस का गरिमा में एवं शुद्ध आचरण वाला होना जरूरी है। एक ऐसी पुलिस जिस पर आम जनता भरोसा कर सके और निर्भीक होकर समन्वय बनाकर सूचनाओं का आदान–प्रदान भी करें। बहुदा ऐसे मामले देखने में आए हैं जब खाकी ने अपनी मर्यादाओं को तोड़ते हुए विभाग को कटघरे में खड़ा किया है। माफियाओं से शॉर्टकट एवं रिश्वतखोरी के अलावा विवेचनाओं में शिथिलता भारत में या फिर किसी एक खास पक्ष को लाभ पहुंचाने के आरोप प्रत्यारोप पुलिस पर लगाते रहे हैं। सवाल उठने लगे हैं कि आखिर समाज के बीच पुलिस का आचरण कैसा होना चाहिए खास तौर पर ऐसे मौके पर जहां बड़ा जल समूह एकत्रित हो रहा हो। हर जनसमूह की मौजूदगी यह नहीं दर्शाती की वहां किसी प्रकार की अराजकता होने की संभावना है लेकिन कभी टिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों की अगुवाई करने के फेर में पुलिस अपनी सीमाओं को लग जाती है। आम जनता के साथ ऐसे मौके पर अभद्रता एवं पिटाई करने के सैकड़ो मामले रोजमर्रा के जीवन में सुनाई देते हैं। इधर पुलिस और मीडिया के बीच संबंधों को लेकर हमेशा से ही एक बहस चढ़ती आई है लेकिन अक्सर कई मौके पर पुलिस ने मीडिया को भी उनके दायित्व को पूरा करने से रोकने का प्रयास किया है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में भी रावण दहन के दौरान मीडिया कर्मियों से अभद्रता ने पूरे पुलिस विभाग को शर्मसार किया है जिसमें मुख्यमंत्री की मौजूदगी के दौरान अति उत्साह में एक दरोगा अपनी सीमाओं से पार चला गया और पत्रकार को बेहद अभद्र तरीके से मैदान से बाहर धकेलना का प्रयास करता नजर आया। इधर सोशल मीडिया के युग में कोई भी घटना छिपाना आसान नहीं है यहां भी दरोगा का यह कृत्य चंद क्षणों में ही सुर्खियां बन गया जिसे पुलिस की छवि को दागदार बना दिया। अब शिवाय कार्रवाई करने के अलावा आला अधिकारियों के पास कुछ नहीं रह गया था, जल्दी आदेश भी जारी हो गए जिसके तहत दरोगा को निलंबित कर दिया गया। प्रश्न यह है कि क्या बड़े लोगों की नजरों में चढ़ने के लिए पुलिस किसी के भी साथ अभद्रता पर उतर आ सकती है? क्या आम जनता का अपना कोई आत्म सम्मान या फिर अधिकार नहीं है? यदि कोई खास आयोजन अति महत्वपूर्ण लोगों के लिए ही आयोजित करने हैं तो उसमें आम जनता की भागीदारी खुले तौर पर प्रतिबंधित घोषित कर देनी चाहिए, या फिर आम व्यक्ति हो या फिर मीडियाकर्मी सबके साथ गरिमा में पूर्ण व्यवहार बेहद जरूरी है। उप निरीक्षक की इस हरकत से न केवल पूरा विभाग शर्मसार हुआ है बल्कि समाज को उसे दोराहे पर भी ला खड़ा किया है जिसमें एक आदमी का सम्मान किस स्तर तक बना रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए। शासन प्रशासन को भी सड़क पर चलने वाले हर आम व्यक्ति की सुविधाओं एवं उसकी सुरक्षा के प्रति सजग होना होगा, ना कि जहां चाहे वही उनके साथ अभद्रता एवं मारपीट जैसी हरकतें अकारण की जाए। किसी भी विभाग को अपनी छवि बनाने में महीनों व साल लग जाते हैं लेकिन छवि को खंडित करने का कार्य एक छोटी सी घटना कर जाती है। दरोगा के खिलाफ कार्रवाई एक औपचारिक प्रतिक्रिया है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह होगा कि विभाग अपने कर्मचारियों में संयम एवं हर व्यक्ति के सम्मान की भावना को जागृत करे।

# पुतिन की नकल मध्यपूर्व का गहराता संकट

**सात अक्टूबर को पूरी दुनिया इजराइल के साथ थी। और आज भी आत्मरक्षा के उसके अधिकार का समर्थन करती है। लेकिन अरब देशों का यह तर्क भी ठीक है कि अस्पतालों और रहवासी इलाकों पर बमबारी, आवश्यक सेवाओं पर रोक और जानते–बूझते नागरिकों की जान लेना ठीक नहीं है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने भी युद्धविराम की मांग की है क्योंकि उसके बिना अल–अहली अस्पताल में हुए विस्फोट जैसी त्रासदियों को रोकना असंभव होगा। यह साफ नहीं है कि युद्ध समाप्त होने बाद जो समझौता होगा उसमें पश्चिमी देशों के नेताओं की क्या और कितनी भूमिका होगी। बाइडन और सुनक जिस तरह इजराइल का बिना शर्त समर्थन कर रहे हैं उसके चलते वे तो शांति समझौते में मध्यस्थ की भूमिका के लिए अपात्र हो गए हैं। उधर अरब लीग, फिलिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण पर बातचीत दुबारा शुरू करने की मांग कर रही है। किंतु इजराइल इसे पहले से भी ज्यादा अनसुना कर रहा है। बीबी अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखने के प्रयास में जुटे हुए हैं और अपनी सत्ता और पद को बचाए रखने की हरचंद कोशिश कर रहे हैं। मारी समाचारपत्र द्वारा करवाए गए एक जनमत सर्वेक्षण के अनुसार 21 प्रतिशत इजरायली चाहते हैं कि नेतन्याहू युद्ध ख़त्म होने के बाद भी प्रधानमंत्री बने रहें।जबकि करीब 66 प्रतिशत लोगों ने कहा कि किसी अन्य व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनना चाहिए।**

**श्रुति व्यास**

इजराइल–हमास युद्ध का आज 16वां दिन है। गाजा पट्टी मलबे और धुएं से अटी पड़ी है और धरती खून और आंसूओं से भीगी हुई। कुछ राहत सामग्री आनी जरूर शुरू हुई है लेकिन वह ऊँट के मुंह में जीरा है। इस बीच हमास ने 200 में से दो बंधकों को रिहा किया है।विदेशी नेताओं का इजराइल जाना जारी है। जो बाईडन और ऋषि सुनक के बाद जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज इजराइल गए लेकिन तीनों ही वहां युद्धविराम या मानवीयता की खातिर कुछ समय के लिए लड़ाई पर रोक या नागरिकों के लिए एक सुरक्षित क्षेत्र का निर्धारण झ इनमें से कुछ भी हासिल नहीं कर सके।

बमबारी लगातार जारी है और दीर्घावधि की कोई योजना सामने नहीं आई है। बीबी (नेतन्याहू) जिद्द पर अड़े हुए हैं और बेरहमी बरतने की कसमें खा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में फ्रांस समेत सभी देशों ने जंग रोकने और उत्तरी गाजा को खाली करने के इजराइल के आदेश को पलटने के बारे में प्रस्ताव के मसविदे का समर्थन किया। लेकिन अमेरिका ने उस पर यह कहते हुए वीटो किया कि इससे इजराइल के हाथ बंध जाएंगे। चौंकाने वाली बात यह रही कि यूके और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया।

इजरायली हमलों को रोकने के लिए हर संभव तरीके अपनाए जा रहे हैं क्योंकि डर है हिजबुल्लाह कहीं लेबनान में दूसरा मोर्चा न खोल दे। यमन की सीमा पर सैन्य टुकडियों की आवाजाही बढ़ रही है और अस्थिरता ईराक व सीरिया तक फैल गई है। अमेरिका द्वारा इजराइल को और हथियार दिए जाने के ऐलान से मुस्लिम दुनिया में नाराजगी है।

इसलिए मध्यपूर्व का संकट गहरा रहा है। फिलिस्तीन–समर्थक विरोध प्रदर्शन जोर पकड़ रहे हैं और यहूदी–विरोध भी। इस बीच बाइडन सहित किसी को भी यह मालूम नहीं है कि हमास से निपटने के बाद बीबी की क्या योजना है। इजराइल की युद्ध केबिनेट ने 'आपरेशन स्वार्ड ऑफ आयरन' के चार लक्ष्य निर्धारित किए हैं: सैन्य शक्ति के रूप में हमास का खात्मा, गाजा से आतंकी हमलों के डर की समाप्ति, बंधकों की रिहाई और देश की सीमाओं और नागरिकों की रक्षा। लेकिन अधिकारी यह स्वीकार करते हैं कि कौन–सा लक्ष्य पहले और कौन–सा बाद में हासिल किया जाना है, इस पर विवाद है। उनका कहना है कि गाजा पर दुबारा कब्जा करना का इरादा तो छोड़ दिया गया है लेकिन वहां से सेना की वापसी के बारे में कोई रणनीति नहीं है



सात अक्टूबर को पूरी दुनिया इजराइल के साथ थी। और आज भी आत्मरक्षा के उसके अधिकार का समर्थन करती है। लेकिन अरब देशों का यह तर्क भी ठीक है कि अस्पतालों और रहवासी इलाकों पर बमबारी, आवश्यक सेवाओं पर रोक और जानते–बूझते नागरिकों की जान लेना ठीक नहीं है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने भी युद्धविराम की मांग की है क्योंकि उसके बिना अल–अहली अस्पताल में हुए विस्फोट जैसी त्रासदियों को रोकना असंभव होगा। यह साफ नहीं है कि युद्ध समाप्त होने बाद जो समझौता होगा उसमें पश्चिमी देशों के नेताओं की क्या और कितनी भूमिका होगी। बाइडन और सुनक जिस तरह इजराइल का बिना शर्त समर्थन कर रहे हैं उसके चलते वे तो शांति समझौते में मध्यस्थ की भूमिका के लिए अपात्र हो गए हैं।

उधर अरब लीग, फिलिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण पर बातचीत दुबारा शुरू करने की मांग कर रही है। किंतु इजराइल इसे पहले से भी ज्यादा अनसुना कर रहा है। बीबी अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखने के प्रयास में जुटे हुए हैं और अपनी सत्ता और पद को बचाए रखने की हरचंद कोशिश कर रहे हैं। मारी समाचारपत्र द्वारा करवाए गए एक जनमत सर्वेक्षण के अनुसार 21 प्रतिशत इजरायली चाहते हैं कि नेतन्याहू युद्ध ख़त्म होने के बाद भी प्रधानमंत्री बने रहें।जबकि करीब 66 प्रतिशत लोगों ने कहा कि किसी अन्य व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनना चाहिए और 13 प्रतिशत अभी कोई राय नहीं बना पाए हैं। करीब 1,300 इजरालियों के कत्ल से उपजे जनाक्रोश में बीबी का स्वयं को चर्चिल के सांचे का रणनीतिकार, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे का पूर्वानुमान लगा लेता है, दिखाने के प्रयास आग में घी का काम कर रहे हैं। जनता पहले से ही न्यायपालिका को कमज़ोर करने के उनके धार्मिक–राष्ट्रवादी सत्ताधारी गठबंधन के प्रयासों के कारण उनके खिलाफ थी। बीबी को इजराइल के लोग अपने देश के लिए घातक मानते थे और उनकी अलोकप्रियता चरम पर थी। बाईडन भी बीबी को लेकर काफी एहतियात बरत रहे थे और उनसे मिलने या बात करने से बच रहे थे। लेकिन 7 अक्टूबर के बाद बीबी सहानुभूति, करूणा और समर्थन के पात्र बन गए हैं झ उस सबके जिसे हासिल करने की उनकी बहुत इच्छा थी। इजराइल से आ रही खबरों के मुताबिक जब बाइडन तेल अवीव में एयरफोर्स वन से उतरे तब उन्होंने नेतन्याहू से हाथ मिलाने का प्रयास किया लेकिन नेतन्याहू ने उन्हें दोनों हाथों से पकडक़र गले लगा लिया।

बीबी पुतिन की नक़ल कर रहे हैं और उनके जैसी युद्ध रणनीति अपना रहे हैं। युद्ध के 14वें दिन उन्होंने आगाह किया कि उनके देश और हमास का युद्ध 'लंबा चलेगा' जिससे युद्धविराम और टकराव कम करने संबंधी चर्चाएं ठंडी पड़ गईं। हमास पर इजरायली सुरक्षा बलों के हमले जारी हैं और अब वे वेस्ट बैंक को भी निशाना बना रहे हैं। बीबी सिर्फ इजराइल ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बोझ बन गए हैं। जहां तक 80 साल के बाइडन का सवाल है, उनके लिए आगे का रास्ता और कठिन हो गया है। पुतिन और शी जिनपिंग उनके लिए पहले से ही सिरदर्द थे। और अब बीबी नाम का माईग्रेन उनके लिए और बड़ी मुसीबत बन गया है।

# हमास से जीतेगी भाजपा !




**हरिशंकर व्यास**

हां, इजराइल और दुनिया में भले नेतन्याहू का ग्राफ गिर रहा हो लेकिन भारत में हमास बनाम इजराइल की लड़ाई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्राफ उछलता हुआ है। सोचे, टीवी चैनलों पर कैसा लगातार, चौबीसों घंटे हमास बनाम इजराइल की लड़ाई का प्रसारण है। लड़ाई वहा हो रही है और भारत के टीवी चैनल हिंदू बनाम मुस्लिम लड़ाई के पानीपत मैदान बने हुए है। कभी शरद पवार, सुप्रिया सुले, कांग्रेस, औवेसी के हवाले इंडिया एलायंस को तुष्टीकरण का झंडाबरदार बताना तो कभी इजराइल से लाइव प्रसारण से आंतकवादी बर्बरता के हवाले हिंदू दिल–दिमाग, भावनाओं में सुरक्षा की चिंताओं को जगाना।

जाहिर है 2024 के आम चुनाव से पहले के मौजूदा 2023 के विधानसभा चुनाव में हमास और उसकी आंतकी बर्बरता को घर–घर पहुंचाने का महाअभियान चला है। इसलिए क्योंकि मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ में लोगों का फोकस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर बनवाना है। भाजपा का चुनाव मोटामोटी या तो नरेंद्र मोदी के चेहरे पर है या लाभार्थियों के घरों में यह मैसेज देने का है कि आपको फंला–फंला लाभ हुआ तो फर्ज है कि मोदीजी को वोट दे। मगर लाभार्थी का पहलू छतीसगढ़ व राजस्थान में ज्यादा नहीं चल सकता क्योंकि भूपेश बघेल और अशोक गहलोत ने लोगों को इतना बांटा है कि उनके आगे मोदी सरकार का बाटना फीका है। कांग्रेस ने चुनाव को ले कर जो वचनपत्र बनाया है वह भी आगे पूरा खजाना खोलना जैसा है। क्या गजब आईडिया जो भूपेश बघेल सरकार गांव वालों, किसानों से दो रू. किलों गौबर खरीद रही है। इसलिए रेवडियों और लाभार्थियों से पहले की तरह वोट मिलने का मामला खटाई में पडा लगता है। मध्यप्रदेश में लाडली बहन योजना के हवाले शिवराजसिंह चौहान का नाम है मगर लड़ाई क्योंकि मोदीजी के चेहरे पर है, लोकसभा चुनाव की बेकग्राउंड में है तो भाजपा को हिंदुओं की भावनाओं को उब्बालना है। भावनाओं को देश की सुरक्षा, आंतकवाद, विश्व गुरू, विश्व मित्र जैसे जुमलों की धुरी पर दौडाना है। और इसलिए विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे के साथ आंतकी हमास के पुराण पर मुस्लिम बनाम हिंदू के सियासी मैदान की टेस्टीग है। कांग्रेस वचनपत्र से लोगों को रूझाएगी वहीं भाजपा का मोदी के चेहरे से हल्ला बन रहा है कि उनका सखा, साथी, दोस्त नेतन्याहू कैसे उनसे सलाह कर हमास व आंतकियों को तबाह कर दे रहे है।

# सबसे बिगाड़ की नीति!

भारत सरकार की अगर यह गणना है कि अपनी चीन संबंधी चिंताओं के कारण पश्चिम हर हाल में भारत पर अपना दांव लगाए रखेगा, तो कहा जा सकता है कि इस सोच का ठोस आधार नहीं है। इसलिए मौजूदा नीति पर पुनर्विचार जरूरी हो गया है।

देर–सबेर भारतवासियों को नरेंद्र मोदी सरकार के कनाडा के 41 राजनयिकों को देश से निकालने के फैसले पर अडिग रहने के परिणामों पर अवश्य ही विचार करना होगा। कनाडाई राजनयिकों के लौटने के बाद अमेरिका और ब्रिटेन की तीखी प्रतिक्रिया पश्चिमी खेमे से भारत के बढ़ते दुराव का संकेत देती है। मुद्दा यह है कि क्या इस वक्त पर इस खेमे से ऐसा टकराव भारत के दीर्घकालिक हित में है? कुछ समय पहले तक भारत सरकार के रणनीतिकार कहते थे कि एक समय देश निगुर्टता– यानी किसी भी महाशक्ति की तरफ झुकाव ना रखने की नीति (नॉन–एलाइंग्ड) पर चलता था, जबकि मोदी सरकार सबके साथ रिश्ता रखने (ऑल–एलाइंग्ड) की राह पर चल रही है। मगर कुछ महीनों के भीतर चीजें इस तरह बिगड़ी हैं कि अब भारत सबसे टकराव मोल लेता नजर आ रहा है। बेशक चीन–पाकिस्तान से रिश्तों में कड़वाहट की लंबी पृष्ठभूमि है। ऐसे में उपयुक्त नीति यह मानी जाती थी कि पास–पड़ोस के अन्य देशों को भारत उन दोनों के पाले में ना जाने दे। जबकि हाल में श्रीलंका, नेपाल, भूटान और मालदीव ने जिस तरह चीन के साथ जुड़ाव बढ़ाया है, उससे नहीं लगता कि भारत सरकार पास–पड़ोस में कोई प्रभावी विदेश नीति अपना रही है। उधर हमास के हमलों के बाद पहले भारत सरकार ने पूरी तरह इजराइल के पक्ष में खड़े होकर और फिर अरब एवं खाड़ी देशों में हुई आलोचना के बाद फिलस्तीन के पक्ष में अपनी परंपरागत नीति जता कर दोनों तरफ भ्रम बना दिया है। इन घटनाक्रमों के बीच कूटनीति विशेषज्ञों के लिए यह समझना कठिन हो गया है कि भारत कहां खड़ा है और वैश्विक मामलों में उसकी क्या सोच है? अमेरिका–ब्रिटेन की प्रतिक्रिया को इसी प्रश्न के आईने में देखा जाना चाहिए।

# रोजाना एक कप नींबू की चाय का करें सेवन, मिल सकते हैं ये स्वास्थ्य लाभ

सुबह के समय एक कप नींबू की चाय का सेवन न केवल आपको तरोताजा महसूस करा सकता है, बल्कि इससे कई स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकते हैं।इसमें एंटी–ऑक्सीडेंट्स, विटामिन–ए, विटामिन–बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन–सी और विटामिन–डी के साथ–साथ कई बायोएक्टिव यौगिक होते हैं, जो मुधमेह और कैंसर जैसी कई बीमारियों के जोखिमों को कम करने में मदद कर सकते हैं।आइए जानते हैं कि डाइट में नींबू की चाय को शामिल करने से क्या–क्या फायदे मिल सकते हैं।

**कैंसर का खतरा कम करने में है सहायक**

नींबू की चाय का सेवन कैंसर से सुरक्षित रखने और कैंसर को विकास को रोकने में मदद कर सकता है। इसका कारण है कि इस चाय में एंटी–कैंसर गुण होते हैं, जो कैंसर फैलाने वाली कोशिकाओं को पनपने से रोकने में मदद करते हैं।इसके अलावा इसमें कई तरह के फेनोल्स और फ्लेवोनोइड भी होते हैं, जो कैंसर के प्रभाव को धीरे–धीरे खत्म कर सकते हैं। हालांकि, कैंसर मरीज डॉक्टर की सलाह के बाद ही इस चाय का सेवन करें।

**गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं का इलाज करने में है कारगर**

नींबू की चाय को पाचन क्रिया में सुधार करने में लाभदायक माना जाता है।इसे पीने से एसिडिटी और सूजन से राहत मिल सकती है। यह पाचन क्रिया में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में भी मदद कर सकती है।कई अध्ययनों के मुताबिक, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं का इलाज करने में नींबू की चाय पीना अच्छा है। इसके अलावा यह इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम के लक्षणों को भी कम कर सकती है।

**वजन घटाने में कर सकती है मदद**

नींबू की चाय फाइबर और विटामिन– सी से भरपूर होती है। ऐसे में इसका सेवन वजन घटाने में मदद कर सकता है।इस चाय में पॉलीफेनोल्स भी होते हैं, जो ऊर्जा और वसा ऑक्सीकरण को बढ़ाकर वजन घटाने में योगदान कर सकते हैं।यह चाय मेटाबॉल्जिम को तेज करके वजन घटाने की प्रक्रिया को बढ़ाने में भी मदद कर सकती है। इसलिए फिटनेस फ्रीक लोगों के लिए भी यह चाय फायदेमंद है।

**बैक्टीरियल संक्रमण से रख सकती है सुरक्षित**

अगर आप रोजाना एक कप नींबू की चाय का सेवन करते हैं तो इसकी एंटी–बैक्टीरियल गतिविधियां आपको कई लाभ दे सकती हैं।

एक शोध के मुताबिक, नींबू की चाय में एंटी–बैक्टीरियल गतिविधि पाई जाती है, जो शरीर को बैक्टीरियल संक्रमण से बचाने में मदद कर सकती है।इसलिए बदलते मौसम में तो इसका सेवन जरूर करें।

**हृदय को स्वस्थ रखने में है प्रभावी**

नींबू की चाय में एंटी–ऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो स्वस्थ हृदय के लिए लाभकारी माने जाते हैं क्योंकि ये हृदय से जुड़े कई घातक कारकों के खतरे को कम करता है।साथ ही ये हृदय में ब्लड सर्कुलेशन को सुधारने में मदद कर सकते हैं, जिसकी वजह से ब्लड क्लॉटिंग नहीं होता और शरीर में ब्लड प्रेशर के स्तर को संतुलित बनाए रखने में मदद मिलती है।

# पश्चिमी खेमे में फूट?

यूरोपीय राजनयिक परेशान हैं। उनके मुताबिक अपने मौजूदा रुख से पश्चिम ने विकासशील दुनिया में अपना नैतिक बल खो दिया है। ये देश पूछ रहे हैं कि जो दलील पश्चिम यूक्रेन के मामले में दे रहा था, गाज़ा में उनका आचरण उसके विपरीत क्यों है?

हमास के हमलों के बाद अमेरिका के जो बाइडेन प्रशासन ने फिलस्तीन विवाद में इजराइल को संपूर्ण समर्थन देने की नीति अपनाई है। जी–7 के सदस्य देशों के अलावा ज्यादातर यूरोपीय सरकारें भी अपने चिर–परिचित स्वभाव के मुताबिक बिना कोई सवाल उठाए अमेरिका के पीछे चली हैं। उन्होंने गाज़ा में इजराइल की अंधाधुंध कार्रवाइयों की कोई ठोस आलोचना नहीं की है। लेकिन अब संकेत हैं कि इस रुख पर उन देशों में फूट पड़ रही है। पहले एक ब्रिटिश वित्तीय अखबार ने अपनी एक लंबी रिपोर्ट में बताया कि यूरोपियन यूनियन के राजनयिक इस नीति से परेशान हैं। उन्होंने राय जताई है कि अपने मौजूदा रुख से अमेरिका और यूरोप ने विकासशील दुनिया में अपना नैतिक बल खो दिया है। उनके मुताबिक उन्होंने बड़ी मुश्किल से कई विकासशील देशों को यूक्रेन के मामले में रूस के खिलाफ लामबंद किया था। मगर अब वे देश पूछ रहे हैं कि जो दलील पश्चिम यूक्रेन के मामले में दे रहा था, गाज़ा में उनके उलट आचरण क्यों कर रहा है?

उधर अमेरिका से खबर आई है कि वहां विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी जोश पॉल ने अमेरिकी नीति को नैतिकता के विरुद्ध बताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस त्यागपत्र की खबर के साथ ही एक अमेरिकी मीडिया संस्थान ने अपनी एक लंबी रिपोर्ट में बताया कि बाइडेन प्रशासन की इजराइल–फिलस्तीन नीति को लेकर विदेश मंत्रालय के अंदर 'विद्रोह' पनप रहा है। बड़ी संख्या में अधिकारी इस नीति से असहमति जताते हुए एक पत्र राष्ट्रपति को भेजने वाले हैं। अमेरिका और यूरोप में लाखों की संख्या में इस नीति के खिलाफ लोग सडक़ों पर उतरे हैं। बाइडेन के लिए यह खास चिंता की बात है, क्योंकि उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी उदारवादी वोटों पर अधिक आश्रित रहती है। संभवतः इसीलिए उनकी पार्टी के कुछ सांसदों ने इस नीति के खिलाफ सोशल मीडिया पर खुली राय जताई है। रिपब्लिकन पार्टी के सामने इस मुद्दे पर ज्यादा चुनौती नहीं है। कट्टरपंथी यहूदी हमेशा उसके साथ रहते हैं, जबकि इस मामले में भ्रामक रुख अपना कर इस पार्टी के नेता बाइडेन प्रशासन के खिलाफ घेरेबंदी को मजबूत बना रहे हैं।

# डायबिटीज कंट्रोल से लेकर वजन कम करने तक... नोट कर लें नारियल पानी के 6 जबरदस्त फायदे

नारियल का पानी सेहत के लिए किसी खजाने से कम नहीं है. यह स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है. नारियल पानी में कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व मौजूद हैं. इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, अमीनो– एसिड, एंजाइम्स, विटामिन सी पाए जाते हैं, जो हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं. नारियल पानी के सेवन से इम्यूनिटी बढ़ती है और थकान–कमजोरी दूर होती है. इसके अलावा डायबिटीज जैसी बीमारियों को भी यह कंट्रोल करने का काम करता है. आइए जानते हैं नारियल पानी पीने से सेहत को क्या–क्या लाभ हो सकता है.

**नारियल पानी पीने के जबरदस्त फायदे**

**थकान**

नारियल पानी में कम कैलोरी और ज्यादा पोषण पाया जाता है. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स थकान महसूस नहीं होने देता है. रोजाना सुबह–सुबह नारियल पानी पीने से थकान–कमजोरी दूर हो सकता है. इससे इंस्टेंट एनर्जी भी मिलती है.

**इम्यूनिटी**



नारियल पानी विटामिन, पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं. ये सभी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने का काम कर सकते हैं. अगर नारियल पानी रोज पिया जाए तो कई तरह की बीमारियों को दूर करने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सकती है.

**मोटापा**

वजन कम करने के लिए भी नारियल पानी का कोई तोड़ नहीं है. नारियल पानी पीने से शरीर को सभी आवश्यक तत्व की पूर्ति होती है. इसका पानी पेट को काफी देर तक भरा रखता है और आप ज्यादा खाने से बच सकते हैं. जिससे वजन तेजी से कम हो सकता है.

**सिरदर्द**

तेज धूप और गर्मी की वजह से कई बार डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है और अचानक से तेज सिरदर्द होने लगता है. इसके पीछे का कारण डिहाइड्रेशन हो सकता है. ऐसे में तुरंत नारियल पानी पीने से शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स मिल जाते हैं. जिससे पानी की कमी कंट्रोल हो जाती है और सिरदर्द की समस्या दूर हो सकती है.

**डायबिटीज**

नारियल पानी डायबिटीज के मरीजों के लिए जबरदस्त फायदेमंद माना जाता है. दरअसल, इंसुलिन की कमी से डायबिटीज की समस्या होती है. कोकोनट वॉटर इंसुलिन को बढ़ाने का काम करता है. इसलिए डायबिटिक के लिए यह अच्छा माना जाता है.

**तनाव**

काम का बोझ और बिजी शेड्यूल की वजह से अगर तनाव हावी रहता है तो नारियल पानी पीना चाहिए. ये मेटाबॉलिज्म में सुधार कर तनाव को दूर करने में मदद कर सकता है. इससे पीने से मेंटल हेल्थ भी अच्छा हो सकता है.

## सुपरफॉग से अमेरिका में भीषण कार दुर्घटना, 8 लोगों की मौत; 63 घायल

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राज्य लुइसियाना में दलदली आग के धुएं से बने सुपरफॉग और सुबह के घने कोहरे के कारण एक भीषण कार दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढक़र आठ हो गई, और 63 अन्य घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बीती रात को मरने वालों की संख्या का खुलासा किया।

राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि सोमवार को क्षेत्र में कई जगह आग लगी थी और आग का धुआं कोहरे के साथ मिलकर सुपरफॉग बन गया, जिसके चलते दृश्यता बेहद कम हो गई। लुइसियाना राज्य पुलिस ने मंगलवार शाम को कहा कि दुर्घटनाओं में कम से कम 168 वाहन शामिल थे।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, सुबह प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि एक ट्रक के नीचे फिसल जाने से दो लोगों की मौत हो गई। खतरनाक तरल पदार्थ ले जा रहे एक टैंकर ट्रक को भी कथित तौर पर एक सडक़ से हटा दिया गया। आग लगने से एक दर्जन वाहन जल गए। कोहरा अभी कई दिनों तक बना रहेगा।

## एंटोनियो गुटेरेस के बयान पर भडक़ा इजरायल, यूएन महासचिव से मांगा इस्तीफा

**तेल अवीव ,एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध की गूंज संयुक्त राष्ट्र तक सुनाई दी।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमास के हमले को लेकर बड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिस पर अब इजरायल भडक़ गया है। इजरायल ने एंटोनियो गुटेरेस के बयान को लेकर उनसे इस्तीफे की मांग की है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि इस युद्ध की वजह से वहां स्थिति समय के साथ और अधिक गंभीर होती जा रही है और गाजा में युद्ध उग्र होने से पूरे क्षेत्र में खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमास ने इजरायल पर हमला बेवजह नहीं किया है।

## कनाडा के ओंटारियो शहर में बड़ी वारदात: फायरिंग में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत

**ओंटारियो ,एजेंसी।** कनाडा के उत्तरी ओंटारियो शहर में एक बड़ी वारदात सामने आई है। यहां फायरिंग में तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना बीती रात की बताई जा रही है। स्थानीय पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, उन्हें टेंक्रेड स्ट्रीट के 200 ब्लॉक में फायरिंग की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को 41 वर्षीय व्यक्ति का शव मौके से मिला, जिसे गोली लगी थी। 10 मिनट बाद फिर फायरिंग होने की खबर मिली। मौके पर जाकर देखा तो 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला।

साथ ही 6 वर्षीय, 7 वर्षीय, 12 वर्षीय बच्चे की भी लाशें मिलीं। चारों को गोलियां लगी थीं। पांचों शव 2 अलग-अलग घरों में मिले।

जांचकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने छह साल के बच्चे और 12 साल के बच्चे के शव भी बरामद किए हैं, उनका दावा है कि उनकी भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने ओटावा में एक शादी के रिसेप्शन में गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ित ओटावा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास हंट क्लब रोड के पास गिब्फोर्ड ड्राइव के 2900 ब्लॉक पर इन्फिनिटी कन्वेंशन सेंटर में रिसेप्शन में भाग ले रहे थे।

# सर्दियों से पहले बढ़ा बिजली संकट, नदियों में पानी की कमी के चलते इतना गिर चुका है विद्युत उत्पादन



**शिमला, एजेंसी।** खुद को पावर सरप्लस कहलाने वाले हिमाचल की असली परीक्षा इस बार सर्दियों में होने वाली है। राज्य में विद्युत उत्पादन तेजी से गिरा है और अभी उत्पादन में 63 फीसदी की गिरावट चल रही है। बरसात के बाद नदियों में पानी एकदम कम हो गया है, जिसके कारण 100 मेगावाट का बिजली प्रोजेक्ट अभी सिर्फ 37 मेगावाट बिजली बना रहा है। विद्युत उत्पादन में आई इस गिरावट में राज्य बिजली बोर्ड और पावर कारपोरेशन के प्रोजेक्टों की गिरावट सबसे ज्यादा 68 फीसदी तक है। हिमाचल में इस समय कुल 52 बिजली प्रोजेक्ट 11040 मेगावाट विद्युत क्षमता के हैं। इनमें से 12 प्रोजेक्ट सेंट्रल पीएसयू चलाते हैं, जिनमें एसजेवीएन, एनटीपीसी, एनएचपीसी और बीबीएमबी शामिल हैं। ये बड़े प्रोजेक्ट हैं और सबसे ज्यादा 7402 मेगावाट विद्युत क्षमता इन्हीं प्रोजेक्टों में हैं। राज्य बिजली बोर्ड के पास 497 मेगावाट के कुल 13 छोटे बिजली प्रोजेक्ट हैं। माइक्रो बिजली प्रोजेक्ट से आने वाली 31 मेगावाट बिजली भी इन्हीं में शामिल है। राज्य ऊर्जा निगम के पास चार प्रोजेक्ट हैं। इसके अलावा इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्ज हिमाचल में 22 बिजली प्रोजेक्ट चलाते हैं। इनमें सबसे बड़ा 1045 मेगावाट का करछम वांगतू प्रोजेक्ट किन्नौर में है। माइक्रो प्रोजेक्टों से भी इस कैटेगरी में 318 मेगावाट विद्युत उत्पादन शामिल है।

इसके अलावा जोगिंदरनगर का शानन पावर हाउस 110 मेगावाट का है, जिसे राज्य सरकार ने लीज आधारित होने के कारण अलग कैटेगरी में रखा है। इन सभी 52 बिजली प्रोजेक्टों में औसत उत्पादन गिरावट 63 फीसदी की है। इस बार दिक्कत की बात यह है कि 126 मेगावाट का लारजी बिजली प्रोजेक्ट बाढ़ के समय से ही ठप है। मंडी और कुल्लू के बीच लारजी में इस प्रोजेक्ट में ब्यास नदी का पानी घुस गया था। राज्य सरकार ने इसे रिपेयर के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड यानी बीएचईएल को दिया है। इसके रिपेयर के लिए नवंबर अंत तक की डेडलाइन दी गई है, लेकिन इस साल यहां विद्युत उत्पादन शुरू होने की संभावना नहीं है। दूसरी तरफ राज्य सरकार ने सोलर में उत्पादन बढ़ाने के लिए अभियान शुरू किया है, लेकिन अभी प्रोडक्शन शुरू नहीं हो पाई है। इसलिए आने वाली सर्दियों में न सिर्फ बैंकिंग पर बिजली लेनी होगी, बल्कि खुले बाजार से भी बिजली खरीदनी पड़ सकती है। इस आशंका को देखते हुए राज्य सरकार की तरफ से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री की किटी में मौजूद रहने वाले 400 मेगावाट बिजली से अतिरिक्त पावर मांगी गई है। हालांकि एसजेवीएन के प्रोजेक्टों पर केंद्र के साथ चल रहे टकराव के बीच यह मदद मिल पाएगी या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

## रावण दहन के दौरान सांडों ने मचाया उत्पात, कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने निकाला

**गाजियाबाद ,एजेंसी ।** गाजियाबाद के मोदीनगर स्थित रामलीला मैदान में रावण के पुतले के पास सांडों ने जमकर उत्पात मचाया। करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस उन्हे ग्राउंड से बाहर ले जा पाई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ट्वीट कर के सरकार पर निशाना साधा है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा है, प्रशासन का कार्य मेलों के लिए न केवल अनुमति देना, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था देखना भी होता है।

यदि मेले में खुले घूमते हुए अन्ना पशु मेला प्रशासन और पुलिस को नहीं दिख रहे हैं, तो उन असामाजिक तत्वों से जनता की सुरक्षा कैसे होगी जो दिखते भी नहीं हैं। जनता की हिफाजत करना सरकारों का सबसे संवेदनशील कर्तव्य होता है।

## यूएन में फिर पाकिस्तान की बेइज्जती!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कोई भी मामला हो, पाकिस्तान उसमें चर्चा के बहाने कश्मीर का राग नहीं छेड़े ऐसा हो ही नहीं सकता। भले ही इसके बदले भारत की तरफ से उसे जमकर फटकार लगाई जाए, लेकिन इस मामले में पाकिस्तान सुधरने का नाम नहीं लेता। मंगलवार शाम को भी यहीं हुआ।इजरायल-फलस्तीन विवाद के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने ना सिर्फ कश्मीर और फलस्तीन को एक जैसा विवाद करार दिया, बल्कि परोक्ष तौर पर आतंकवाद का समर्थन भी किया। भारत ने इस बयान को उतनी ही तवज्जो दी जितनी इसे दी जानी चाहिए, लेकिन साथ ही भारत ने इस वैश्विक मंच से पाकिस्तान की इस टिप्पणी को अपमानजनक करार दिया।

यह उल्लेखनीय तथ्य है कि इस चर्चा में दुनिया के तमाम देशों ने किसी भी वजह से आतंकवाद की निंदा की, लेकिन पाकिस्तान ने ऐसा नहीं किया। यूएन में पाकिस्तान के स्थाई प्रतिनिधि मुनीर अकरम ने कहा कि हमारा देश हर तरह के आतंकवाद की निंदा करता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत विदेशी अधिकार में रहने वाले लोगों को अपनी आजादी व स्वनिर्णय के लिए लड़ने का अधिकार है और इसे आतंकवाद नहीं माना जाना चाहिए। कहने की जरूरत नहीं कि पाकिस्तान फलस्तीन व कश्मीर के बीच एक समानता कायम करने की कोशिश की है।इसके जवाब में भारतीय प्रतिनिधि राजदूत आर रवींद्र ने कहा कि इस तरह का बयान अपमानजनक है ।

## राहुल गांधी ने सत्यपाल मलिक से धारा 370 हटाने, पुलवामा आतंकी हमले पर चर्चा की

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का साक्षात्कार साझा किया है। जिसमें उन्होंने पुलवामा आतंकी हमले, पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के दर्जे समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की थी।

सत्यपाल मलिक ने 14 अक्टूबर को राहुल गांधी के साथ अपनी बातचीत में कहा था कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस कर दिया जाना चाहिए क्योंकि लोग नाखुश हैं। सरकार की चूक के कारण 14 फरवरी 2019 को पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवानों की शहादत हो गई।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, क्या इस बातचीत से ईडी-सीबीआई के बीच हलचल मच जाएगी?

सत्यपाल मलिक से बातचीत में राहुल गांधी ने उनसे पूछा कि आपके कार्यकाल के दौरान वह सबसे जटिल समय था। उन्होंने अनुच्छेद 370 को रद्द करने और राज्य को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में विभाजित किये जाने का जिक्र करते हुए यह बात कही।

इस पर मलिक ने कहा, मेरी राय में, आप जम्मू-कश्मीर को बलपूर्वक और सशस्त्र बलों के माध्यम से अपने पास नहीं रख सकते। आप लोगों का विश्वास जीतकर कुछ भी कर सकते हैं।

## यूपी में खून चढ़ाने के बाद 14 बच्चों के एचआईवी, हेपेटाइटिस संक्रमित होने पर खडग़े ने की भाजपा सरकारों की आलोचना

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** कानपुर के एक सरकारी अस्पताल में रक्त चढ़ाए गए 14 बच्चों में एचआईवी और हेपेटाइटिस संक्रमण पाये जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने बुधवार को केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों की आलोचना की।बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना को शर्मनाक बताते हुए खडग़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 संकल्प लेने की बड़ी-बड़ी बातें सिखा रहे हैं, लेकिन उन्होंने राज्य की भाजपा सरकारों के लिए कोई जवाबदेही तय नहीं की है।एक्स पर एक पोस्ट में खडग़े ने कहा, डबल इंजन सरकार ने हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को दोगुना बीमार बना दिया है।

# भाड़ई रेलवे स्टेशन के पास पातालकोट एक्सप्रेस के दो डिब्बों में लगी आग, कई लोग झुलसे



**आगरा, एजेंसी।** आगरा-झांसी रेलवे ट्रैक पर ट्रेन में लगी आज से चीख पुकार मच गई। आगरा झांसी रेलवे ट्रैक स्थित भांडई रेलवे स्टेशन के नजदीक 14624 पातालकोट एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई। एक्सप्रेस फिरोजपुर पंजाब से छिंदवाड़ा जा रही थी। इस दौरान ट्रेन की दो बगियां जलकर खाक हो गईं।

इस हादसे में कई लोग झुलस गए हैं। आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की भीड़ भी घटनास्थल पर दौड़ने लगी। ट्रेन में आग लगने के बाद कई किलोमीटर तक धुआं दिखाई दे रहा था। हालांकि, समय रहते दोनों बोगियों में बैठे लोग सुरक्षित बाहर निकल आए, काफी समय तक ट्रेन में आग लगी रही है।

इस बीच राजगीर भी काफी परेशान होते हुए नजर आए। झांसी के रहने वाले राहुल झुलस गए और मनोज आगरा से ग्वालियर जा रहे थे। इसी बीच बोगी में आग लग गई और इस हादसे में उनको भी चोट पहुंची है। उनका कहना है कि हादसा बहुत भयानक था। काफी लोग ऊपर सो रहे थे। सभी लोग बाहर निकल आए। लेकिन कुछ लोग झुलस गए हैं।

आगरा के शरद जैन घटना की भयावता बताते हुए भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि अपने परिवार के साथ ग्वालियर जा रहे थे। उनके दो बच्चे थे साथ में उनकी पत्नी जैसे ही खिड़की के पास आग लगी तो खुद को और अपने परिवार को बचाने की जद्दोजहद में लग गए। रेलवे के अधिकारी भी घटना पर पहुंच रहे हैं और घटना की जानकारी जुटा रही है। इस हादसे में करीब 10 से 12 लोग झूलने की सूचना है। हालांकि, स्थानीय लोग भी आग पर काबू पाने का भरपूर प्रयास कर रहे थे।

आगरा रेल मंडल के भांडई स्टेशन के पास फिरोजपुर से सिवनी जा रही पातालकोट एक्सप्रेस के दो कोच में आग लग गई। इसके चलते झांसी-आगरा रेलवे ट्रैक पर यातायात प्रभावित हो गया। वन्देभारत भारत, दुर्ग हमसफर समेत कई ट्रेनों को आगरा स्टेशन पर रोक दिया गया है। आग बुझाने का काम चल रहा है।

### बिलासपुर में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का दावा, कहा

# पांचों राज्यों में भाजपा की ही बनेगी सरकार: नड्डा



**बिलासपुर, एजेंसी।** देश के पांच राज्य में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकारें बनेंगी। केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में बेहतर कार्य किया है। इसके चलते चुनावी राज्यों में भाजपा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। यह बात मंगलवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने बिलासपुर दौरे के दौरान सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं, जिसका लाभ आम जनता को मिला है। वहीं, आगामी लोकसभा चुनावों में भी भाजपा जुटी हुई है। इसके साथ ही अभी जल्द ही देश के पांच राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम, मध्य प्रदेश, तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हैं।

भाजपा की ओर से इन राज्यों पर फोकस किया गया है। इन चुनावी राज्यों में भाजपा की ही सरकारें बनेंगी। बता दें कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बिलासपुर में आयोजित दुर्गा पूजा विसर्जन शोभा यात्रा में भाग लेने के बाद दिल्ली रवाना हो गए। वहीं, 26 अक्तूबर को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मिजोरम जाएंगे। वहां वह भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। इसके अलावा अन्य राज्यों का भी दौरा जेपी नड्डा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हर साल की तरह इस बार भी बिलासपुर के धौलरा मंदिर में आयोजित शारदोत्सव दुर्गा पूजा में पहुंचे थे।

इस दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, विधायक रणधीर शर्मा, जेआर कटवाल, त्रिलोक जम्वाल, स्वदेश ठाकुर, पुरुषोत्तम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा राष्ट्रीय जेपी नड्डा ने कहा कि एम्स बिलासपुर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स में यात्री निवास के लिए 300 बिस्तर की सुविधा मुहैया करवाने का निर्णय लिया गया है। प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। करीब 39 करोड़ की स्वीकृति करवाई जाएगी। करीब 35 करोड़ के उपकरण मुहैया करवाने की स्वीकृति मुहैया करवाई गई है। एम्स में नर्सिंग ऑफिसर की 82 सीटें भरने को स्वीकृति प्रदान की गई है।

## गुजरात में केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 60 से अधिक टैंकर जलकर खाक

**अरावली ,एजेंसी ।** गुजरात के अरावली जिले में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से 60 से अधिक टैंकर जलकर खाक हो गए।

अनुसार के मुताबिक, अरावली जिले में स्थित केमिकल फैक्ट्री में आग आज सुबह लगी है। केमिकल फैक्ट्री में लगी आग इतनी भीषण है कि इसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही है।

बता दें कि फैक्ट्री में रखे केमिकल से भरे 60 से अधिक टैंकर जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## स्विस महिला की हत्या : शव का पोस्टमार्टम होना बाकी, कई सवालों के जवाब बाकी

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** स्विस महिला के शव का पोस्टमार्टम अभी तक नहीं किया गया है, क्योंकि केवल मृत महिला के परिवार के सदस्य ही शव परीक्षण करने के लिए अपनी मंजूरी दे सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि पुलिस ने स्विस दूतावास को सूचित कर दिया है और मृत महिला के परिवार का पता लगाने में जुटी है, हालांकि, अभी तक कोई अपडेट नहीं मिला है।

पोस्टमार्टम अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मौत का कारण बताएगा और पुलिस को आरोपी जनकपुरी निवासी गुरप्रीत सिंह द्वारा जांचकर्ताओं को दिए गए बयान की पुष्टि करने में भी मदद करेगा। नीना बर्जर, जो शायद स्विट्जरलैंड की रहने वाली थी, की दिल्ली में कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उसके हाथ और पैर धातु की चेन से बांध दिए गए और बाद में उसके शरीर को एक काले प्लास्टिक बैग के अंदर लपेटकर सडक़ के किनारे फेंक दिया गया था।

इस भयावह अपराध के लिए पुलिस ने गुरप्रीत को गिरफ्तार कर लिया, जिसने खुद को स्विस नागरिक का प्रेमी बताया था। नीना बर्जर के जीवन का दुखद अंत तब हुआ, जब उसका शव 20 अक्टूबर को पश्चिमी दिल्ली के एक स्कूल के पास पाया गया। शुरुआत में, मुख्य आरोपी सिंह के बयानों में विसंगतियां थीं, जिसे बाद में गिरफ्तार किया गया।

# सरकार की योजनाओं से बच्चों को जोड़ें शिक्षक : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखपुर मंडल ;देवरियाए गोरखपुरए कुशीनगर व महराजगंज जनपदद्ध के 1086 परिषदीय विद्यालयों के स्मार्ट क्लास एवं 64ब्लॉक संसाधन केंद्रों में आईसीटी (इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन) लैब के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। समारोह में प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के 14360 शिक्षकों को टैबलेटए 3780 को.लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को वंडर बॉक्स तथा 1207 दिव्यांग बच्चों को 1980 सहायक उपकरणों के वितरण का भी शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के अनुरूप ही व्यक्तिए समाज व राष्ट्र का चरित्र होगा। सशक्त राष्ट्र के निर्माण की बुनियाद शिक्षकों के परिश्रम व पुरुषार्थ पर टिकी है। शिक्षक ही तेजी से देश को नई बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं। गुरु वशिष्ठए विश्वामित्रए संदीपनीए चाणक्य जैसे आदर्श गुरुजनो का उल्लेख करते हुए कहा मुख्यमंत्री ने कहाए श्रीरामए श्रीकृष्ण और चंद्रगुप्त को बनाने में इनका मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

शिक्षकों को इन आदर्श गुरुओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। एक शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि तब होती है कि जब वह अपने बच्चों को समर्थ और योग्य बनाकर उनमें राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा करता है। इसके लिए सबको स्वयं मूल्यांकन भी करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अपने कार्यों का मूल्यांकन नहीं करता है तो इसका मतलब वह अपने साथ समाज व राष्ट्र के साथ भी धोखा कर रहा है।

सीएम योगी ने पिछले छह वर्षों में बेसिक शिक्षा विभाग में हुए आमूलचूल परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विभाग नित नए अलंकरण जोड़ रहा है। कायाकल्पए स्मार्ट क्लास जैसे कार्यक्रमों के बीच हर शिक्षक को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से आगे बढने की जरूरत है। शिक्षकए विभाग से जुड़े सभी कार्यक्रमों के साथ समय के अनुरूप अपने को जोडक़र स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ा पाएंगे तो इसके बेहतर परिणाम हम सबके सामने आएंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों से अपने कार्यों का दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक, छमाही व वार्षिक मूल्यांकन करने का आह्वान किया।

## महुआ मोइत्रा ने निशिकांत दुबे पर फर्जी सर्टिफिकेट, एयरपोर्ट पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया

**कोलकाता ,एजेंसी ।** हाल ही में सामने आए 'कैश फॉर क्वेरी' विवाद को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के बीच तनातनी जारी रही। महुआ ने दुबे पर फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र अपनाने और एयरपोर्ट पर गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया। महुआ ने सवाल किया कि लगभग सात महीने पहले दुबे के खिलाफ फर्जी प्रमाणपत्र अपनाने का आरोप लगाने के बावजूद उनके खिलाफ कोई जांच क्यों शुरू नहीं की गई।

बीती देर शाम महुआ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक संदेश जारी किया, जिसमें कहा गया : कौन झूठ बोल रहा है? 2 दिन पहले फर्जी डिग्री वाले ने कहा था कि एनआईसी ने पहले ही जांच एजेंसी को 'दुबई' लॉगिन सहित विवरण दे दिया है।

# जंग ने लिया खौफनाक रूप, सीरिया पर इजरायल के हवाई हमले, आठ सैनिकों की मौत




**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायल और हमास में जारी जंग अब खतरनाक रूप ले चुकी है। इजरायल की वायुसेना ने सीरिया के सैन्य ठिकानों पर हमला शुरू कर दिया है। इस एयर स्ट्राइक में सीरिया के आठ सैनिकों की मौत हो गई है, जबकि सात अन्य घायल हैं। हमले में आसपास के कई ठिकाने ध्वस्त हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त इजरायल ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी के जवाब में मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) का उपयोग करके वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी लड़ाकों के खिलाफ हमला किया है।

इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा कि थोड़ी देर पहले, आईडीएफ और इजऱायल सीमा पुलिस बलों ने जेनिन के क्षेत्र में वाडी ब्रुकिन में आतंकवाद विरोधी गतिविधियों का संचालन किया और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के संदेह में दो व्यक्तियों को पकड़ा। इसके अतिरिक्त, सेना ने सशस्त्र आतंकवादियों की ओर गोलीबारी की। जेनिन कैंप में आतंकवाद विरोधी गतिविधि के दौरान, सशस्त्र आतंकवादियों ने इजरायली सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की और विस्फोटक उपकरण फेंके। जवाब में एक आईडीएफ यूएवी ने आतंकवादियों पर हमला किया।

इजरायली सुरक्षा बलों में किसी घायल होने की सूचना नहीं है।

उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीनी समूह हमास द्वारा गत 07 अक्तूबर को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करने और सीमा का उल्लंघन करने, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण करने के बाद फिलिस्तीनियों और इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया है। इजऱायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढऩे से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

# आसमान ही सीमा है, जोनाथन ट्रॉट ने पाकिस्तान पर शानदार जीत के बाद अफगानिस्तान की सराहना की



चेन्नई ,अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने विश्व कप 2023 में पाकिस्तान पर आठ विकेट से मिली शानदार जीत के बाद अपनी टीम के युवा सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ और इब्राहिम जादरान की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा, ह्यआसमान ही सीमा हैह्ल।

एमए चिदम्बरम स्टेडियम में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सामने जीत के लिए 283 रन का लक्ष्य रखा, जिसका पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने शानदार शुरुआत की और गुरबाज़ ने 53 गेंदों में 65 रन बनाए, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार जादरान ने 113 गेंदों में 87 रन बनाकर पारी को आगे बढ़ाया और पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़े।

रहमत शाह, जिन्होंने 84 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (नाबाद 48) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रनों की नाबाद साझेदारी की और टीम की जीत की कहानी लिखी।

इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान का यह दूसरा उलटफेर है, उसने कुछ दिन पहले गत चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हराया था। यह वनडे इतिहास में उनका अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य था। आईसीसी ने ट्रॉट के हवाले से कहा, मेरे लिए निर्णायक मोड़ वह शुरुआत थी जो इब्राहिम और गुरबाज़ ने हमें दी थी। मुझे लगता है कि जब आप इस तरह के लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आपको एक अच्छी शुरुआत की ज़रूरत है, जिससे आने वाले खिलाड़ियों पर कम दबाव होता है।

दोनों सलामी बल्लेबाज अभी सिर्फ 21 साल के हैं और उन्होंने इस टूर्नामेंट के शुरुआती हफ्तों में शानदार प्रदर्शन किया है। ट्रॉट ने कहा कि यह दोनों के लिए बहुत अच्छा है कि उन्हें यह दिखाने का अवसर मिला कि वे विश्व मंच पर कितने अच्छे हैं।

ट्रॉट ने खुलासा किया कि टीम के पास स्पष्ट रणनीति थी कि वे अपना जवाब कैसे देंगे।

कोच ने आगे कहा, मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन मैंने कहा कि हम 35–40 ओवरों में यह खेल नहीं जीत पाएंगे, हमें 50 ओवरों तक अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। हमने इसे 10–10 ओवरों के हिस्सों में बांट दिया। गुरबाज़ और इब्राहिम ने हमें जो शुरुआत दी, उसका मतलब था कि हम उससे काफी आगे थे जहा हमने सोचा था कि हमें होना चाहिए। ट्रॉट ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, इससे हमें खेल के अंत में थोड़ा और सांस लेने का मौका मिला। और यह सुनिश्चित किया कि हमारे पास 49वें ओवर में खेल खत्म करने का मौका था और हमने ऐसा किया, यह बहुत अच्छा था। इस जीत में टीम के स्पिन गेंदबाजों का बड़ा योगदान भी है क्योंकि चेन्नई की पिच पर नूर और राशिद की जोड़ी ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। अफगानिस्तान के पास अपनी सफलता का जश्न मनाने के लिए काफी समय होगा, टीम का अगला मैच एक सप्ताह बाद पुणे में श्रीलंका के खिलाफ होगा।

# न्यूजीलैंड की टीम ने धर्मगुरु दलाई लामा से की मुलाकात



धर्मशाला ,भारत के खिलाफ रविवार के मैच के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और उनके परिवारों ने धर्मगुरु दलाई लामा से मैक्लोडगंज स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

मुख्य बौद्ध मंदिर टीम के खिलाड़ी कप्तान टॉम लैथन के नेतृत्व में पहुंचे थे। इस दौरान दलाई लामा ने खिलाड़ियों के साथ हल्की–फुल्की बातचीत भी की।

कुछ खिलाड़ियों ने उनका आशीर्वाद मांगा। दलाई लामा के कार्यालय के एक पदाधिकारी ने आईएएनएस को बताया, दलाई लामा को उनसे मिलकर अच्छा लगा।

उन्होंने कहा कि दलाई लामा ने उन्हें अपने साथ फोटो खिंचवाने की अनुमति देकर भी उन्हें खुश किया।न्यूजीलैंड टीम को 28 अक्टूबर को धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है।

राज्य की राजधानी शिमला से लगभग 250 किमी दूर एचपीसीए स्टेडियम में 22,000 लोगों की बैठने की क्षमता वाले नौ विकेट हैं।

हाल ही में फ्लू की चपेट में आने के बाद डॉक्टरों की सलाह पर दलाई लामा को नवंबर–दिसंबर में अपनी सिक्किम और कर्नाटक यात्रा रद्द करनी पड़ी थी।

चीन, बौद्ध धर्म के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को लेकर भी नाराज रहता है। उसने 1959 में तिब्बत पर हमला किया था। दलाई लामा के साथ लगभग 80 हजार तिब्बती भागकर भारत आए। उन्हें हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में शरण मिली।

# सुमित अंतिल ने जेवलिन में जीता गोल्ड, पुष्पेंद्र सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल किया अपने नाम




नई दिल्ली ,सुमित अंतिल और पुष्पेंद्र सिंह ने चौथे एशियन पैरा गेम्स के तीसरे दिन पुरुष जेवलिन थ्रो– एफ64 के फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड व ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। सुमित अंतिल ने 73.29 मीटर के थ्रो के साथ एशियन पैर गेम्स रिकॉर्ड, वर्ल्ड रिकॉर्ड और एशियन रिकॉर्ड तोड़ा। सुमित ने दिन के अपने तीसरे प्रयास में इस मार्क पर पहुंचे और गोल्ड मेडल जीता। श्रीलंका के अरचचिगे समित ने 62.42 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता। पुष्पेंद्र सिंह ने 62.06 मीटर के थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। भारत ने एशियन पैरा गेम्स में अब तक कुल 36 मेडल जीत लिए हैं, जिसमें 10 गोल्ड, 12 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। भारत पांचवें स्थान पर काबिज है। भारतीय दल की कोशिश पहले दिन की सफलता को दोहराने की होगी जब उसने 6 गोल्ड, 6 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज सहित कुल 17 मेडल जीते थे। इस बार भारत ने 303 एथलीट्स का दल (191 पुरुष और 113 महिला) को एशियन पैरा गेम्स में भेजा है जो कि अब तक का सबसे बड़ा दल है। याद दिला दें कि 2018 एशियन पैरा गेम्स में भारत ने 190 एथलीट्स का दल भेजा था और कुल 72 मेडल जीते थे। इसमें 15 गोल्ड शामिल थे।

## प्राची यादव ने पैरा कैनो में देश को दिलाया गोल्ड, पति मनीष कौरव ने भी जीता पदक

हांगझोउ ,चीन में चल रहे एशियाई पैरा खेलों में भारत की प्राची यादव ने कैनो महिला केएल 2 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। एथलीट प्राची यादव ने पैरा कैनो महिला केएल2 स्पर्धा में 54.962 समय के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, प्राची के जीवनसाथी मनीष कौरव ने पुरुषों की पैरा कैनो केएल 3 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। प्राची का एशियन पैरा खेल 2022 में यह दूसरा पदक है। इससे पहले प्राची यादव ने पैरा डोंगी चालन महिला वीएल2 स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीता था। इसके अलावा भारत की सिमरन वत्स ने इस मल्टी इवेंट टूर्नामेंट में देश के लिए सिल्वर मेडल जीता। सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 स्पर्धा में 12.68 के प्रभाव-शाली समय के साथ रजत पदक हासिल किया।

# पाक के खिलाफ जीत के हीरो इब्राहिम जादरान ने शेयर किया ऐसा मैसेज, पड़ोसी मुल्क में मच गया बवाल




इस्लामाबाद , पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 के मुकाबले में अफगानिस्तान को जीत मिली। यह बात पाकिस्तान क्रिकेट टीम और उनके फैंस को हजम भी नहीं हुई थी। इसी बीच पाक के खिलाफ मैच विनिंग 87 रन बनाने वाले अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने एक ऐसा मैसेज शेयर किया, जिससे पड़ोसी मुल्क में बवाल मच गया है।

इब्राहिम जादरान ने सोमवार रात को पाकिस्तान के खिलाफ अफगान टीम को बड़ी जीत दिलाई, उन्होंने नाबाद 87 रन बनाए। उन्होंने विश्व कप 2023 के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक की कहानी लिखी। लेकिन, पाकिस्तान पर उनका दिया एक बयान काफी वायरल हो रहा है। मैन ऑफ द मैच इब्राहिम जादरान ने कहा, ये ट्रॉफी उन लोगों को समर्पित, जिन्हें पाकिस्तान से वापस अफगानिस्तान भेजा गया।

जब अफगानिस्तान पर तालिबान ने कब्जा किया था तब कई अफगानी देश छोड़ के दूसरे मुल्क चले गए थे। जो अफगानी अपनी जान बचाकर पाकिस्तान में शरण लेने पहुंचे थे, उन्हें अब वहां की सरकार वापस भेज रही है। सोशल मीडिया पर लोग इब्राहिम जादरान के इस बयान को ह्यपाकिस्तान पर बम गिरानेह्ल जैसा बता रहे हैं। वहीं, कुछ लोगों ने अफगानिस्तान को बुरी तरह ट्रोल किया।

पाकिस्तान ने कुछ दिनों पहले ही 3 हजार से ज्यादा अफगानिस्तानी शरणार्थियों को देश से बाहर निकाल दिया था। अभी तक कुल 50 हजार से ज्यादा अफगान नागरिकों को पाकिस्तान वापस भेज चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस फैसले ने परिवारों की 17 लाख से अधिक आबादी, युवा लड़कियों और बच्चों का जीवन खतरे में डाल दिया है क्योंकि वे उस देश में वापस जाने के लिए मजबूर हैं, जहां से वे भागे थे।

पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि वह अपने फैसले से पीछे नहीं हटेगी और 1 नवंबर के बाद सभी अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी और उन्हें अफगान तालिबान शासन को सौंप देगी।

# फिल्मी दुनियां

## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का गाना वे कमलेया रिलीज, प्यार में डूबे दिखे आलिया–रणवीर



मशहूर निर्माता और निर्देशक करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म के साथ करण 7 साल बात बतौर निर्देशक वापसी कर रहे हैं तो आलिया भट्ट और रणवीर सिंह दूसरी बार बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना वे कमलेया रिलीज कर दिया गया, जिसमें रॉकी और रानी के एक–दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के 2 गाने व्हाट झुमका और तुम क्या मिले पहले ही रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अब वे कमलिया आज जारी हो गया है, जिसमें रणवीर और आलिया के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल की आवाज से सजे इस रोमांटिक गाने को प्रशंसक भी काफी पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों फिल्म गली बॉय के लिए साथ आए थे। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी हैं। धर्मेंद्र सालों बाद इसके जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। करण फिल्म में अपने चहिते निर्देशक यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि देंगे। आलिया–रणवीर पर एक गाना फिल्माया गया है, जिसके जरिए यश को श्रद्धांजलि दी जाएगी। फिल्म 28 जुलाई को रिलीज हो रही है। धर्मा प्रोडक्शंस फिल्म के लिए वो करने वाला है, जो यशराज फिल्म्स पठान के लिए नहीं कर सका। पठान को दुनियाभर में 8,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक रॉकी और रानी... को करीब 9,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक करण फिल्म को अपनी सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं।

## लहंगा–चोली पहन मोनालिसा ने दिखाईं दिलकश अदाएं

भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन मोनालिसा ने हालिया फोटोशूट के दौरान की लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से आहें भरने लगे हैं। मोनालिसा ने खूबसूरत लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी हॉटनेस और बोल्ड फिगर के कारण चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर होते ही फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है।

## सेक्स और लस्ट पर खुलकर बातचीत करना जरूरीः मृणाल ठाकुर



एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर, जिन्हें स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2ह्ल में अपने शानदार परफॉर्मेंस के चलते काफी सराहना मिल रही है, का मानना है कि सेक्स और लस्ट पर खुलकर बात करना सबसे महत्वपूर्ण है।

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर, जिन्हें स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2ह्ल में अपने शानदार परफॉर्मेंस के चलते काफी सराहना मिल रही है, का मानना है कि सेक्स और लस्ट पर खुलकर बात करना सबसे महत्वपूर्ण है।

लस्ट स्टोरीज़ 2ह्ल सफल रिश्तों में लस्ट और सेक्स के महत्व पर प्रकाश डालती है, जिसमें मृणाल की ऑन–स्क्रीन दादी के रूप में नीना गुप्ता का किरदार आर. बाल्की द्वारा निर्देशित फिल्म के नैरेटिव को उजागर करता है।

एक्ट्रेस ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि सेक्स और लस्ट पर खुलकर बात करना महत्वपूर्ण है, खासकर जब कोई उम्र में बड़ा हो रहा हो। जब कोई युवा वयस्क होता है, तो उसके पास एक आदर्श होता है जो एक युवा व्यक्ति को सही ज्ञान और जानकारी प्रदान करता है।

उन्होंने आगे कहा, अगर परिवार के बच्चों सहित सभी युवा के पास कम से कम एक व्यक्ति हो, जिसके साथ वे इन विषयों पर ईमानदारी से चर्चा कर सकें, तो उन्हें बाहरी दुनिया से बहुत सारी गलत जानकारी प्राप्त करने की संभावना कम होगी।

## तीसरे दिन भी कायम लियो का जलवा! कई मूवीज को पछाड़ आगे निकली विजय थलापति की फिल्म



विजय थलापति स्टारर फिल्म लियो बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ मार रही है. फिल्म शानदार परफॉर्म कर रही है और अच्छी कमाई कर रही है. लियो 19 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी और दो दिनों में ही फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था. अब तीसरे दिन भी दूसरी कई फिल्मों को पछाडने में कामयाब रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट की मानें तो लियो ने पहले दिन 64.8 कमाए थे. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 35.25 करोड़ का कारोबार किया था, जिसके बाद विजय थलापति की फिल्म 100 करोड़ के क्लब का हिस्सा बन गई थी. अब फिल्म के तीसरे दिन का कलेक्शन सामने आ गया है और रिपोर्ट के मुताबिक लियो ने तीसरे दिन 40 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ अब फिल्म का टोटल कलेक्शन 140.05 करोड़ रुपए हो गया है.

लियो ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा लिया है. फिल्म ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को मात दे दी है. लियो की रिलीज के अगले दिन ही टाइगर श्रॉफ की मोस्ट अवेटेड फिल्म गणपत और दिव्या खोसला कुमार की यारियां 2 रिलीज हुई लेकिन विजय थलापति की फिल्म के आगे दोनों ही कहीं गुम होती दिखाई दीं. गणपत ने जहां दूसरे दिन 2.25 करोड़ का कलेक्शन किया तो वहीं यारियां 2 भी 0.55 करोड़ तक ही सिमटकर रह गई.

## अंजुम फकीह शो की कहानी में नई ऊर्जा भरने के लिए कुंडली भाग्य में वापसी करने के लिए तैयार



भारतीय टीवी मनोरंजन की दुनिया अब इस खबर से गुलजार है कि लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री अंजुम फकीह प्रिय ड्रामा सीरीज कुंडली भाग्य में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शो के प्रशंसक इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि यह न केवल शो की कहानी में नई ऊर्जा भरने का वादा करता है, बल्कि अधिक रोमांच और रहस्य भी जोड़ता है। अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, अंजुम ने कहा, सृष्टि की भूमिका में फिर से वापस आना मेरे लिए घर आने जैसा है। मुझे खुशी है कि मुझे अपने किरदार के साथ उन लोगों के साथ शो के दूसरे चरण का पता लगाने का मौका मिला, जिन्हें मैं अपना परिवार कह सकती हूं। ।

साथ ही, मेरे प्रशंसकों ने मुझे सृष्टि के रूप में वर्षों से प्यार किया है और मेरी वापसी सिर्फ मेरे लिए नहीं है, यह उनके लिए भी है। शो मेरे बहुत करीब है और मैं वापस आकर बेहद खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि लोग ऐसा करेंगे वे मुझे हमेशा की तरह प्यार करते हैं। कुंडली भाग्य में सृष्टि के रूप में वापसी करते हुए, दर्शक एक दिलचस्प कहानी, सह–कलाकारों के साथ बेहतर केमिस्ट्री और एक नई गतिशीलता की आशा कर सकते हैं जो दर्शकों को आकर्षित करने के साथ–साथ चीजों को मसालेदार भी बनाएगी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com